जीवन दर्शन

दैनिक
ग्लोबल हेराल्ड

महानगर संस्करण

www.globalherald.news

शुक्रवार 12 अप्रैल, 2024 » वर्ष 13 » अंक 61 » इंदौर-भोपाल से प्रकाशित » पेज 6 » मूल्य ₹ 2.00

समझदार होने की असली निशानी ज्ञान नहीं है बल्कि कल्पना करने की आपकी शक्ति है।
- अल्बर्ट आइंस्टीन

रुबीना दिलैक मां बनने के बाद अब किसी ने बताया नहीं शो...
पृष्ठ 6 पर



न्यूज ब्रीफ

तीसरे फेज के लिए आज से नामांकन, 12 राज्यों की सीटों पर होना है मतदान

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के लिए नामांकन आज से शुरू होंगे। इस चरण में 12 राज्यों की 94 संसदीय सीटों पर 7 मई को मतदान होना है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के बैतूल संसदीय क्षेत्र में स्थगित मतदान की अधिसूचना भी शुक्रवार को जारी होने की संभावना है। बैतूल लोकसभा सीट पर चुनाव दूसरे चरण में होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार के निधन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया है। वहीं, तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 19 अप्रैल है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल है। तीसरे चरण में जिन राज्यों में मतदान होना है।

अलीगढ़ में माहौल बिगाड़ने की कोशिश फिलिस्तीनी समर्थित नारे लगे

अलीगढ़। अलीगढ़ जिले के शाहजमाल ईदगाह में भारी पुलिस बल और अर्धसैनिक बल की मौजूदगी में ईद की नमाज गुरुवार 11 अप्रैल को सकुशल संपन्न कराई गई। ईद की नमाज के बाद कुछ युवाओं ने ईदगाह के बाहर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया है। जब नमाज पढ़ने के बाद सभी नमाजी अपने-अपने घरों की ओर वापस लौट रहे थे, तब कुछ युवाओं ने हाथों में फ्री फिलीस्तीन के पोस्टर लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नारेबाजी कर रहे युवाओं को जीप में बैठा लिया। पुलिस ने जैसे ही नारे लगाने वाले युवाओं को जीप में बैठाया। उसके बाद नमाजियों की भीड़ जमा हो गई और हंगामा करने लगी। भीड़ ने पुलिस की गाड़ी में बैठे युवाओं को जीप से बाहर निकाला और जमकर नारेबाजी की।

अरबों रुपये की धोखाधड़ी मामले में प्रॉपर्टी टाइकून को मिली मौत की सजा

नई दिल्ली। वियतनाम में कई अरब डॉलर की धोखाधड़ी वाले मामले में सुनवाई चल रही थी। मामले में वियतनाम की प्रॉपर्टी टाइकून माने जाने वाली प्रमुख डेवलपर वान थिन्ह फाट के अध्यक्ष ट्रूओंग माय लैन पर हेराफेरी के आरोप लगे हैं। लैन पर एक दशक से अधिक समय तक नकदी की हेराफेरी करने का है आरोप है। उनपर 12.5 अरब डॉलर के गबन का आरोप लगा है। उन्हें मौत की सजा सुना दी गई है। साइगॉन कमर्शियल बैंक (एससीबी) से नकदी ठगने का उन पर आरोप लगा है। लैन ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार करते हुए अपने अधीन काम करने वाले लोगों को दोषी बताया है। आरोपी ट्रूओंग माय लैन को मौत की सजा सुनाई गई है। इस घोटाले के लगभग 42,000 पीड़ितों की पहचान पुलिस ने की है।

देश में प्रचंड गर्मी के अलर्ट के बीच मोदी ने की अधिकारियों के साथ बैठक, दिए ये निर्देश

तालमेल के साथ काम करें सभी अधिकारी- प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली ■

देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी के पूवार्नुमान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लू की स्थिति के लिए तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर सभी विभागों से तालमेल के साथ काम करने का निर्देश दिया।

दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में अप्रैल-जून के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक अधिक तापमान की संभावना के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया है कि मध्य पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में भीषण गर्मी और लू चलने की अधिक संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर सरकार के सभी अंगों और विभिन्न मंत्रालयों को इस पर तालमेल के साथ काम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने अस्पतालों में पर्याप्त तैयारी के साथ-साथ जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। गर्मियों में अक्सर देखा जाता है कि जंगल धधकने लगते हैं। इस बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने जंगल की आग का तुरंत पता लगाने और उसे बुझाने की आवश्यकता पर जोर डाला।

मौसम विभाग ने जताई भीषण गर्मी की संभावना

भारत के मौसम विभाग ने हाल ही में कहा था कि भारत में अप्रैल से जून की अवधि के दौरान अत्यधिक गर्मी होने की संभावना है और मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय हिस्सों पर इसका सबसे बुरा प्रभाव पड़ेगा।

क्षेत्रीय भाषाओं में हो सूचनाओं का प्रचार-प्रसार

बैठक में टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया जैसे सभी प्लेटफार्मों के माध्यम से विशेष रूप से क्षेत्रीय भाषाओं में आवश्यक सूचना और संचार के प्रसार पर जोर दिया गया है। बैठक में कहा गया कि 2024 में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की उम्मीद है और इसी दौरान आम चुनाव भी हैं। इसलिए यह फैसला लिया गया है कि स्वास्थ्य मंत्रालय और एनडीएमए द्वारा जारी सलाह का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कर व्यापक रूप से प्रसार किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, गृह सचिव, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारी शामिल हुए।

कांग्रेस को लगने जा रहा एक और बड़ा झटका, भाजपा में शामिल होंगे सिंह!

बाड़मेर। राजस्थान की राजनीति से बड़ी खबर है। शुक्रवार को कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल भाजपा में शामिल हो सकते हैं। बाड़मेर में होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में मानवेंद्र सिंह की भाजपा में घर वापसी तय मानी जा रही है। हालांकि भाजपा में शामिल होने पर मानवेंद्र सिंह की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाड़मेर लोकसभा सीट के लिए विजय शंखनाद सभा को संबोधित करने के लिए शुक्रवार को बाड़मेर आएंगे। सभा 11 बजे से प्रारंभ होगी। पिछले महीने केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मानवेंद्र सिंह से मुलाकात की थी। जिसे उनके भाजपा में शामिल होने से जोड़ा जा रहा था।

हमारी सरकार बनी तो जेल में होंगे मोदी, आरजेडी नेता मीसा भारती का विवादित बयान

नई दिल्ली ■

आरजेडी के मुखिया लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने एक बड़ा बयान दिया है। पाटिलीपुत्र लोकसभा सीट से उम्मीदवार मीसा भारती ने कहा कि अगर लोगों ने इंडिया अलायंस को मौका दिया तो प्रधानमंत्री मोदी से लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता सलाखों के पीछे होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के इंडिया अलांयस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने संबंधी सवाल का जवाब देते हुए मीसा भारती ने कहा कि इंडिया गठबंधन है वो 30 लाख रोजगार दे रहा है। इसमें भी उनको तुष्टिकरण नजर आ रहा है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि हम किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रहे हैं, एमएसपी लागू करने की बात कर रहे हैं क्या यह सब तुष्टिकरण है? उन्होने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड पर कौन जवाब देगा। आरजेडी सुप्रीमो की बेटी इतने पर ही नहीं रूकी उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जब भी आते हैं वे हमारे परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। जानतें है कि कितना बड़ा भ्रष्टाचार है? मीसा ने कहा कि अगर देश की जनता ने हमकों यानी इंडिया अलायंस को मौका दे दिया तो फिर प्रधानमंत्री से लेकर जितने भी भारतीय जनता पार्टी के नेता है वो सभी जेल के अंदर होंगे।

शराब घोटाला मामले में के कविता को सीबीआई ने किया अरेस्ट

नई दिल्ली। दिल्ली के कथित शराब घोटाले मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने बीआरएस नेता के कविता को अरेस्ट कर लिया है। वह ईडी के मामले में अभी न्यायिक हिरासत में हैं। आपको बता दें कि के कविता को ईडी की टीम ने पिछले महीने ही हैदराबाद में उनके घर से गिरफ्तार किया था। दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार भारतीय राष्ट्र समिति की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी के.कविता को कोर्ट से भी राहत नहीं मिल रही है। सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कविता ने अपने 16 वर्षीय बेटे की चल रही परीक्षाओं का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत मांगी थी।

राजनाथ का पाकिस्तान को मदद का ऑफर:कहा-

अगर वे आतंकवाद खत्म करना चाहते हैं तो पहल करें, हम साथ मिलकर मिटाएंगे

नई दिल्ली ■

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने एक मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में कांग्रेस पर निशाना साधा और उनके तानाशाही के आरोप को बेबुनियाद करार दिया. उन्होंने कहा कि, जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई थी, वे लोग हमपर तानाशाही का आरोप लगाते हैं. इमरजेंसी के उस काले दौर का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह भावुक भी हो गए, क्योंकि उस दौरान का उनका निजी पारिवारिक अनुभव भी काफी बुरा रहा था. इसी समय राजनाथ सिंह की मां का निधन हो गया था. वह काफी दिनों तक अस्पताल में रहीं, लेकिन राजनाथ सिंह जेल में बंद थे और उन्हें पैरोल नहीं मिल सकी थी.

अंत समय से मां से नहीं मिल सके थे रक्षामंत्री

जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई थी, वे लोग हमपर तानाशाही का आरोप लगाते हैं. राजनाथ सिंह ने कहा जिन्होंने (कांग्रेस) 1975 में देश में इमरजेंसी लगाई, आज वे हम पर तानाशाही का आरोप लगा रहे हैं. मैं इमरजेंसी के दौरान जेल में था. मुझे आपातकाल का विरोध करने के चलते जेल में डाला गया था. तब मेरी माताजी बीमार थीं. उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया और 21 दिनों तक हॉस्पिटल में रही थीं, लेकिन कई कोशिशों के बावजूद में उनको देखने भी नहीं जा पाया. मुझे पैरोल नहीं मिली. इसी बीच वह नहीं रहीं, उनका निधन हो गया, लेकिन मुझे रिहाई भी नहीं मिल सकी. मैं तो मां के अंतिम संस्कार में भी शामिल नहीं हो पाया, ऐसा बताते हुए राजनाथ सिंह कुछ देर के लिए मौन हो जाते हैं और फिर रुंधे गले से कहते हैं, हैरानी होती है कि ये लोग हम पर तानाशाही का आरोप लगा रहे हैं.

कोई भी हमारी जमीन पर नहीं कर सकता है कब्जा

क्या चीन द्वारा भारत की जमीन पर कब्जा किया गाया है? इसका जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार रहते हुए कोई एक भी इंच की जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता है. हम अपनी जमीन कतई नहीं जाने देंगे. PoK का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, 'पीओके हमारा था, है और रहेगा.'

चीन पर भी साधा था निशाना

दो दिन पहले ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में कई स्थानों का नाम बदलने पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी. रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर भारत ने भी इसी तरह के प्रयास किए, तो क्या इसका मतलब यह होगा कि चीन के वे इलाके हमारे क्षेत्र का हिस्सा बन गए हैं.' मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के नामसाई इलाके में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में 30 स्थानों के नाम बदलने के चीन के कदम से जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी.

महेंद्रगढ़ बस हादसे में स्कूल को मिला नोटिस, प्रिंसिपल सहित 3 गिरफ्तार, 6 छात्रों की हुई थी मौत

महेंद्रगढ़ ■

हरियाणा के महेंद्रगढ़ में गुरुवार को स्कूल बस पलटने से छह बच्चों की मौत हो गई और करीब 20 छात्र घायल हो गए. पुलिस ने इस मामले में बस के ड्राइवर, स्कूल की प्रिंसिपल दीप्ति और एक अन्य स्कूल अधिकारी होशियार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है. ईद की छुट्टी होने के बावजूद स्कूल खोलने के लिए स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

बताते चलें कि गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे कनीना के उन्हाणी गांव के पास हादसा हुआ था. जीएल पब्लिक स्कूल की बस में करीब 40 बच्चों सवार थे. तभी एक पेड़ से टकराकर बस पलट गई. हादसे के बाद मौके पर बच्चों की चीख-पुकार मच गई थी. इस दुर्घटना के बाद पुलिस ने ड्राइवर धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया. वह कथित तौर पर लापरवाही से गाड़ी चला रहा था. कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह नशे में लग रहा था. अस्पताल में इलाज करा रहे एक छात्र ने भी बताया था कि ड्राइवर शराब के नशे में था और वह 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बस भगा रहा था. पुलिस ने बताया कि बस का फिटनेस प्रमाणपत्र साल 2018 में खत्म हो गया था. दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है.

उज्जैन:महाकाल के आंगन में पुनर्निर्मित होगा 37 फीट ऊंचा शिव मंदिर

उज्जैन ■

महाकाल के आंगन में खोदाई के दौरान भूगर्भ से निकले एक हजार साल पुराने शिव मंदिर का पुनर्निर्माण जारी है। पुनर्निमित मंदिर करीब 37 फीट ऊंचा होगा। इसके निर्माण में करीब 4 माह का समय लगेगा। पुरातत्व विभाग द्वारा इसके निर्माण पर करीब 65 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। महाकाल मंदिर में नवनिर्माण के लिए की जा रही खोदाई के दौरान करीब दो साल पहले मंदिर परिसर के अग्र भाग से एक हजार पुराने शिव मंदिर के अवशेष प्राप्त हुए थे। इसके बाद विक्रम विश्व विद्यालय के पुराविद डा. रमण सोलंकी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुरा साक्ष्यों को देखकर यहां मंदिर होने की संभावना व्यक्त की थी। इसके बाद मामला मध्य प्रदेश पुरातत्व विभाग के भोपाल कार्यालय पहुंचा।

मंदिर पुनर्निमाण करने की योजना

विभाग ने जिस स्थान से मंदिर प्राप्त हुआ है, उसे स्थान पर पुनर्निमाण करने की योजना तैयार की। करीब छह माह पहले पत्थरों पर नंबरिंग कर इसका खाका तैयार किया गया। अब नंबरिंग के आधार पर पत्थरों को जोड़कर मंदिर तैयार किया जा रहा है। निर्माण कार्य की प्रगति देखने के लिए मध्य प्रदेश पुरातत्व विभाग की आयुक्त उर्मिला शुक्ला गुरुवार को एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार महाकाल मंदिर पहुंची।

जेल में केजरीवाल, राघव-स्वाति-हरभजन ने किया किनारा

नई दिल्ली ■

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ED ने 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी आप के लिए एक झटका है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में भी कई विरोध प्रदर्शन किए गए। लेकिन इन विरोध-प्रदर्शनों से आप के ही कई बड़े नेताओं ने दूरी बना रखी है, जिसके बाद सवाल उठने लगा है कि क्या आप में सब ऑल इज वेल है।

केजरीवाल के समर्थन में नहीं लगाई प्रोफाइल फोटो

भले ही पार्टी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है और जेल में बंद केजरीवाल के लिए समर्थन जुटा रही है, लेकिन पार्टी के कई सदस्यों ने दिल्ली शराब घोटाले में पार्टी प्रमुख की गिरफ्तारी के बाद से चुप्पी साध रखी है। इनमें पार्टी के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह, अशोक कुमार मित्तल, संजीव अरोड़ा, बलबीर सिंह सीचेवाल और विक्रमजीत सिंह साहनी शामिल हैं। राघव चड्ढा और संदीप पाठक को छोड़कर पार्टी के किसी भी राज्यसभा सांसद ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला है।

विजिलेंस डिपार्टमेंट ने पीए को हटाया

विजिलेंस डिपार्टमेंट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के निजी सचिव बिभव कुमार को टर्मिनेट करने का काम किया है. यहां चर्चा कर दें कि शराब घोटाले के मामले में जांच एजेंसी विभव कुमार से भी कई बार पूछताछ चुकी है. दिल्ली के मुख्यमंत्री के निजी सचिव बिभव कुमार को हटाने के संबंध में एक आदेश जारी किया गया है. यह आदेश दो पन्नों में है जिसमें जानकारी दी गई है कि आखिर विजिलेंस की ओर से यह कदम क्यों उठाया गया है.

व्यंग्य : शराब घोटाला : और संविधान बचाने का संकल्प...!



ग्लोबल हेराल्ड न्यूज एनालिसिस GHNA
दिलीप शर्मा (वरिष्ठ पत्रकार)

शराब घोटाले के सरगना करार दिए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल खुद बचने के लिए अनेक जतन कर रहे हैं और ऐसी नीति बनाई कि सहयोगी मंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन जेल में ही हैं और खुद की रिहाई में भी तमाम मुश्किलें हैं एवं खबर यह भी है कि आम आदमी पार्टी के अन्य नेता भी ईडी के रडार पर हैं. अमानुल्लाह खान, दुर्गेश पाठक, एन डी गुप्ता, दीपक सिंगला आदि प्रमुख नाम हैं. दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के बाद यदि ईडी पूरी पार्टी को आरोपी बनाता है तो ऐसे में केजरीवाल का जेल से अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के नाम से संदेश देना कि 14 अप्रैल को सभी को बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा के सामने संविधान बचाने का संकल्प लेना है. अब जो खुद बच नहीं पा रहे हैं, वे संविधान बचाने की बात कर रहे हैं..!

सुप्रीम कोर्ट भी नहीं समझा : क्या ऐसा तर्क भी संभव..?

सवाल गंभीर है और शराब घोटाले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के बारे में, उनकी सोच के सन्दर्भ में यह संभव है कि यदि 15 अप्रैल को तय सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला नहीं दिया तो वह कह सकते हैं कि सुप्रीम कोर्ट भी नहीं समझ सका जैसा कि उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट के सम्बन्ध में अपनी याचिका में तर्क दिया है कि हाई कोर्ट समझ नहीं सका है. हाई कोर्ट तो क्या राउंज कोर्ट आदि कोई भी समझ नहीं पा रहा है,कि ईडी की जांच, फिर गिरफ्तार करना आदि सब एक साजिश है, ऐसा केजरीवाल अपने वकीलों के माध्यम से हर कोर्ट में कह रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट में भी वही दोहरा दिए हैं..! ध्यान रहे कि दिल्ली हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि गवाहों के बयानों पर सवाल नहीं उठाया जा सकता. इसे लेकर केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी है कि हाई कोर्ट इस बात को समझने में विफल रहा है कि सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज बयानों को 'पूर्ण सत्य' नहीं माना जाता है और अदालतें उन पर संदेह कर सकती हैं. इन बयानों को कभी भी तथ्यों की सच्चाई के ठोस सबूत के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, बल्कि इसे विरोधाभास और गवाह की पुष्टि के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है.केजरीवाल की याचिका के मुताबिक, हाईकोर्ट इस बात को समझने में भी विफल रहा है कि सरकारी गवाह बन चुके सह-आरोपियों के बयान को किसी व्यक्ति के अपराध को सुनिश्चित करने के लिए स्टार्टिंग प्वॉइंट नहीं माना जा सकता है. ईडी इस तरह के बयान जबरन दर्ज करवा रही है.इन पर भरोसा नहीं किया जा सकता.वैसे तो केजरीवाल के सितारे अभी गर्दिश में हैं क्योंकि उनके निजी सचिव विभव कुमार की नियुक्ति को अवैध बताकर विजिलेन्स विभाग ने उन्हें हटा दिया है और एक खास साथी राजकुमार आनंद ने केजरीवाल को भ्रष्ट बताकर पार्टी छोड़ दी है. खैर अब सुप्रीम कोर्ट के ही फैसले का इंतजार रहेगा जिसमें फैसला पक्ष में नहीं हुआ तो देश की जनता यह सुनने के लिए तैयार रहे कि सुप्रीम कोर्ट भी नहीं समझ सका..!

मुंबई इंडियंस ने पकड़ी जीत की रफ्तार...

जसप्रीत बुमराह के बाद सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन का कहर, आरसीबी को रौंदा

मुंबई ■

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस ने जीत की रफ्तार पकड़ ली है. उसने गुरुवार (11 अप्रैल) को अपने होमग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी. मुंबई की जीत के हीरो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्टार बल्लेबाज ईशान किशन के अलावा सूर्यकुमार यादव रहे हैं. सबसे पहले बुमराह ने 5 विकेट लेकर आरसीबी को पस्त किया. इसके बाद ईशान और सूर्या ने ताबड़तोड़ फिफ्टी लगाकर जीत दिलाई. इस सीजन में मुंबई की 5 मैचों में यह दूसरी जीत है. इस टीम ने इस सीजन में अपने शुरूआती 3 मैच हारे थे. मगर अब लगातार 2 मैच जीत लिए हैं. दूसरी ओर फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी वाली आरसीबी टीम की 6 मैचों में यह 5वीं हार है.

ईशान के बाद सूर्या ने जड़ी ताबड़तोड़ फिफ्टी

मैच में मुंबई को 197 रनों का टारगेट मिला था, जिसके जवाब में इस टीम ने 3 विकेट गंवाकर 15.3 ओवरों में ही मैच अपने नाम कर लिया. मुंबई के लिए ओपनर ईशान किशन ने 34 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेली. इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 17 गेंदों पर फिफ्टी जमाई. वो 19 बॉल पर 52 रन बनाकर आउट हुए. जबकि रोहित शर्मा ने 24 गेंदों पर 38 रन बनाए. कप्तान हार्दिक पंड्या ने 6 गेंदों पर नाबाद 21 रन बनाए और छक्का मारकर जीत दिलाई. आरसीबी के लिए कोई भी गेंदबाज कमाल नहीं दिखा सका.

न्यूज ब्रीफ

शहर में अमन-चैन की दुआ के साथ मनाई ईदुल फित्र, मुल्क में मोहब्बत और इंसानियत की फिजा कायम करना हमारी जिम्मेदारी

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-फित्र खुशी व गर्मजोशी से मनाई गई। सदर बाजार ईदगाह और छावनी ईदगाह पर बड़ी तादाद में ईद की नमाज अदा करने मुस्लिम कौम के लोग पहुंचे। शहर में दो प्रमुख ईदगाह है, जहां ईद की मुख्य नमाज पढ़ी गयी। सदर बाजार ईदगाह पर शहर काजी इशरत अली ने और छोटी ग्वाल टोली स्थित छावनी ईदगाह पर शहर काजी अबुल रेहान फारूकी साहब ने ईद की नमाज अदा करवाई। नमाज से पहले काजी रेहान फारूकी ने मुस्लिम समाज के नाम अपने पैगाम में कहा इस्लाम मे इंसानियत की खिदमत करने वालों को पसन्द किया गया है। उन्होंने फरमाया जब तक आप इंसानियत की खिदमत का जज्बा रखेंगे, सेवाभावी रहेंगे, अच्छाई को बढ़ावा देंगे और समाज की भलाई को बढ़ावा देंगे तब तक आप बेहतरीन इंसान बने रहेंगे। उन्होंने कहा मुल्क में मोहब्बत और इंसानियत की फिजा को बनाने की हमारी जिम्मेदारी को समझें। काजी रेहान फारूकी ने इंसनियत की भलाई और देश में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी। अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमीन के सदर सैयद शाहिद अली ने बताया छोटी ग्वाल टोली स्थित ईदगाह पर शहर काजी अबुल रेहान फारूकी सन 1999 से ईद की नमाज अदा करा रहे हैं। ईदगाह पर बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज उमड़ पड़ा। मधुमिलन चौराहा तक नमाज अदा की गई। अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमीन के सेक्रेटरी मजीद हुसैन फ्रिज वालों ने जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारियों, ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम व नगर सुरक्षा समिति सदस्यों का व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

सामुदायिक भोज, लंगर या दावत में शामिल होने पर उम्मीदवार के व्यय - लेखा में शामिल होगा पूरा खर्च

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के मुताबिक यदि चुनाव लड़ने वाला अभ्यर्थी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया व्यय अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के रूप में माना जायेगा और इसे उसके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जायेगा। आयोग ने कहा है कि निर्वाचकों से मिलने के लिए आयोजित किये गये ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी नाम से बुलाये गये हों अथवा खुद अभ्यर्थी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किये गये हों यदि अभ्यर्थी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जायेगा। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा। जबकि यह अभ्यर्थी को छोड़कर किसी व्यक्ति द्वारा आयोजित किया गया हो। ऐसे सामुदायिक भोज, लंगर, दावत आदि पर किये गये व्यय को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल नहीं किया जायेगा बशर्ते कि अभ्यर्थी उसमें सामान्य आंगतुक के रूप में भाग लेता हो।

पूर्व मंत्री स्व. रामेश्वर पटेल के तृतीय पुण्य स्मरण मुक पक्षियों के लिए आगामी तीन माह तक दाना-पानी देगा पटेल परिवार

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। श्री गीता रामेश्वरम्ट्रस्ट द्वारा पूर्व मंत्री स्व. रामेश्वर पटेल के तृतीय पुण्य स्मरण एवं स्व. श्रीमती गीता रामेश्वर पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी स्मृति में भीषण गर्मी में मुक पक्षियों के लिए आगामी तीन माह अप्रैल, मई और जून तक रोजाना दाना-पानी देने का संकल्प पटेल परिवार ने लिया। जानकारी देते हुए समाजसेवी मदन परमालिया एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने बताया कि अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, सहकारिता नेता एवं जिला संघ के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पटेल ने अपने माता-पिता की स्मृति में मुक पक्षियों के लिए यह अभियान चलाया है। इस मौके पर राहुल पटेल, विनोद, सागर, यशोवर्धन सिंह, विवेक सिंह, चेतन सिंह चौधरी, गौरव सिंह पटेल एवं हेमन्त पाल, द्वारका शारदा, नरेन्द्र सूर्यवंशी, प्रितेश राज, मिथिलेष जोशी, जगदीश जोशी, आशीष जोशी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर स्व. श्रीमती गीता रामेश्वर पटेल को श्रद्धांजलि समाज के विभिन्न समाजसेवी, संगठनों एवं राजनेताओं और बड़ी संख्या मातृशक्तियों ने श्रद्धांजलि दी।

इंदौर की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग में अवैध फायर आर्म्स के साथ शातिर आरोपी धराया

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। क्राईम ब्रांच इंदौर की टीम द्वारा लगातार अवैध हथियार रखने वाले एवं इनकी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम मे क्राइम ब्रांच को सोशल मीडिया मॉनिटरिंग एवं मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एम.आर. 04 नमकीन क्लास्टर वाली गली पर व्यक्ति फायर आर्म्स के साथ घटना कारित करने के लिए घूम रहा है , मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम एवं थाना बाणगंगा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुखबिर के बताए स्थान से संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा जिसने अपना नाम (1) आयुष पिता विजय कौशल निवासी गली नंबर न्यू बजरंग नगर बाणगंगा इंदौर का होना बताया। आरोपी की तलाशी लेते एक देशी 12 बोर कट्टा व जिंदा कारतूस मिला जिसके संबंध में वैध लाइसेंस पूछते नही होना बताया। आरोपी आयुष कौशल के कब्जे से 01 देशी कट्टा 12 बोर कारतूस के जप्त कर थाना बाणगंगा में अपराध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

शहर काजी बोले, यहूदी छोड़ ज्यादा से ज्यादा देशी सामान का उपयोग करें

शहर काजी ने ईद की नमाज से पहले कहा, सियासी चश्मा उतारकर भाईचारे की मिसाल कायम करे...इंदौर के सदर बाजार स्थित मुख्य ईदगाह में ईद की नमाज

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

मुस्लिम समाज ईद गुरुवार को मना रहा है। समाजजन ने रमजान माह का 30वां रोजा बुधवार को रखा था। शहरकाजी डा. इशरत अली ने बताया कि मुख्य नमाज सदर बाजार ईदगाह पर सुबह हुई। इसके साथ ही शहरभर की मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज हुई।

यह बात ईद की नमाज से पहले शहर काजी डा. मोहम्मद इशरत अली ने सदर बाजार ईदगाह पर कही। उन्होंने हजारों लोगों को नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा कि आज समय आ गया है कि हमें एकजुट होकर मानव अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए। भारत हमेशा से ही फिलिस्तीन के साथ खड़ा रहा है और वहां की आवाम की फिक्र की है। हमको चाहिए कि हम यहूदी सामान का उपयोग नहीं करें और ज्यादा से ज्यादा देशी सामान का इस्तेमाल करें। आज हमने अपनी आंखों पर सियासी चश्मा पहन रखा है। इस सियासी चश्में से देखोगे तो हमें देश में हिंदू - मुस्लिम लड़ते हुए दिखाई देंगे। पर आज जरूरत है हमें इंसानियत और सामाजिक चश्मे की। इससे चारों ओर हमें भाईचारा और सद्भाव दिखेगा।

हम साया कौम के साथ भाईचारे के साथ रहें

शहर काजी ने कहा कि अपने अखलाक को अच्छा और बुलंद रखना पड़ेगा। हम साया कौम के साथ भाईचारे के साथ रहना चाहिए। एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होना चाहिए। हम साया कौम से जिस तरह की हमें उम्मीद रहती है। हमें भी वैसा ही सुलूक उनके साथ रखना चाहिए। उन्होंने कहा समाज में आज छोटी-छोटी बातों पर घर-परिवार बिखर रहे हैं। मामूली बातों को लेकर पुलिस और अदालत के चक्कर लगा रहे हैं। हमें चाहिए कि सभी तरह के मसले समाज में ही सुलझा लिए जाएं। अब तो अदालतें भी हर समाज में सुलाहा सेंटर खोल रही है। हमें इन सेंटरों पर अपने मसले सुलझाकर समय और पैसे की बबार्दी से बचना चाहिए। इंदौर में मुस्लिम समाज के सात सेंटर चल रहे हैं। यहां पर हाई कोर्ट द्वारा प्रशिक्षित मध्यस्थ मामलों को सुलझा रहे हैं।

शाही बग्घी में बैठाकर लाए ईदगाह

मुस्लिम समाज ईदुल फित्र का त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ मना रहा है। सुबह से ही मुस्लिम बस्तियों में चहल-पहल है। नमाज के लिए शहर काजी को उनके निवास से शाही बग्घी में बैठाकर ईदगाह लाया गया और नमाज के बाद ससम्मान घर छोड़ा गया। यह जिम्मेदारी 50 सालों से सलवाड़ियां परिवार निभाते आ रहा हैं।

गले मिलकर दी शुभकामनाएं दी

ईद की नमाज के बाद शहर काजी को गले मिलकर मुबारकबाद दी और एक-दूसरे को भी मुबारकबाद दी। शहर समाजजनों को शुभकामनाएं देने के लिए राजनीतिक पार्टियों के कई नेता वह मौजूद रहें। साथ ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने भी शुभकामनाएं दी।

35 साल से कांग्रेस का इंदौर में गिरता रहा ग्राफ अपने ही कामों को भुना नहीं पाई कांग्रेस

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर में 80 के दशक तक कांग्रेस काफी मजबूत स्थिति में रही, लेकिन 1983 में बनी भाजपा की निगम परिषद के बाद इंदौर में भाजपा संगठनात्मक स्तर पर मजबूत होती चली गई और अब यह स्थिति है कि इंदौर जिले की नौ सीटें और नगर निगम परिषद भाजपा के कब्जे में है।

इंदौर का पिछला लोकसभा चुनाव भी भाजपा ने चार लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीता। कांग्रेस की सरकारों ने इंदौर को काफी कुछ दिया, लेकिन अपनी ही सरकार के कामों को कांग्रेस के स्थानीय नेता भुना नहीं पाए। इंदौर में आईआईएम, आईआईटी कांग्रेस सरकार की देन है। जवाहरलाल शहरी नवीनीकरण मिशन के तहत इंदौर में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने बीआरटीएस प्रोजेक्ट, मल्टीलेवल पार्किंग, मास्टर प्लान सड़कों के निर्माण सहित दो हजार करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट इंदौर के लिए मंजूर किए। इंदौर में 1989 का लोकसभा चुनाव सुमित्रा महाजन ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाशचंद्र सेठी को हरा कर जीता था। उसके बाद वे लगातार आठ चुनाव जीतीं। 35 सालों में कांग्रेस फिर कभी इंदौर लोकसभा सीट नहीं जीत पाई। वर्ष 1998 से इंदौर में भाजपा की नगर निगम परिषद काबिज है। कांग्रेस निगम चुनाव में कभी भी टक्कर देने की स्थिति में नहीं रही। वहीं, इंदौर की छह विधानसभा सीटों पर कांग्रेस ने कभी बढ़त हासिल नहीं की। इंदौर की तीन नंबर विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने लगातार तीन बार और राऊ विधानसभा सीट पर लगातार दो बार जीत हासिल की।

कामों को भुना नहीं पाई कांग्रेस

इंदौर के सामाजिक कार्यकर्ता शिवाजी मोहिते का कहना है कि इंदौर में कांग्रेस एक समय काफी मजबूत थी, लेकिन 1989 के बाद संगठन पर बड़े नेतागणों ने ध्यान नहीं दिया। कई सालों तक कार्यकारिणी घोषित नहीं होती थी, जबकि भाजपा ने वार्ड और बूथ स्तर पर संगठन खड़ा करने में मेहनत की। इंदौर में कई बड़े काम कांग्रेस सरकार की देन हैं, लेकिन चुनाव के समय कांग्रेस उम्मीदवार उसे भुना नहीं पाए। इंदौर में आईआईएम, आईआईटी, मेट्रो प्रोजेक्ट कांग्रेस ने मंजूर किए।



भाजपा ने महिला व युवा वर्ग पर किया फोकस

वरिष्ठ पत्रकार मुकेश तिवारी का कहना है कि इंदौर में भाजपा ने महिला व युवा वर्ग पर फोकस किया। इंदौर में दो बार भाजपा की महिला मेयर, लगातार आठ बार से महिला सांसद रही हैं। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में भी युवा चेहरों को भाजपा ने मौका दिया। वे कहते है कि इंदौर में भाजपा के संगठन का ढांचा मजबूत है। इंदौर में आरएसएस का भी तगड़ा नेटवर्क है। इस कारण भाजपा का परंपरागत वोटबैंक इंदौर में लगातार बढ़ रहा है। कांग्रेस इंदौर में नेता आधारित पार्टी के रूप में काम कर रही है। संगठन का काम करने वाले पार्टी वर्कर की कांग्रेस में हमेशा कमी महसूस की जाती है।

अवैध रूप से महुआ से बनी कच्ची देशी शराब बनाने वाले आरोपियों के विरुद्ध छापामार कार्यवाही

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर कमिश्नरेट व इंदौर देहात पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से कच्ची शराब बनाकर बेचने वाले आरोपियों की जानकारी निकालकर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा निर्देशित किया गया था।

इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच इंदौर की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि सिमरोल थाना क्षेत्र में दो व्यक्ति महुआ से कच्ची देशी शराब बनाकर बेच रहे है,सूचना पर क्राइम ब्रान्च की टीम ने थाना सिमरोल पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए दबिश दी और आरोपी (1)वेंकटेश पिता श्रीनिवास गोड़ उम्र 28 साल नि. ग्राम नवमील चोखी ढाणी के पास खंडवा रोड, (2).राजू पिता नारायण गौड़ उम्र 57 साल नि. 9 मील हनुमान मंदिर के पास चोखी ढाणी शिव मंदिर को पकड़ा, जिसके द्वारा महुआ से कच्ची देशी शराब बनाकर लोगों को बेचकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हुए अवैध लाभ अर्जित किया जा रहा है। आरोपीयो के कब्जे से करीब 160 लीटर महुआ से बनी देशी कच्ची शराब जप्त कर, आरोपीयो के विरुद्ध थाना सिमरोल में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

नरवाई नहीं जलाने की किसानों से अपील,जलाना दण्डनीय अपराध

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

वर्तमान में गेहूँ फसल की कटाई का कार्य अंतिम दौर में है। कटाई के बाद कुछ किसान गेहूँ के अवशेष (नरवाई) को जला देते है। नरवाई जलाने से पर्यावरण को भारी क्षति पहुँचती है, साथ ही खेत की मिट्टी के लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु मर जाते हैं। भूमि गर्म हो जाने से उर्वरता घट जाती है। इसलिए किसानों से अपील की गई है कि गेहूँ की कटाई के बाद नरवाई न जलाएँ। नरवाई जलाना दण्डनीय अपराध है।

फसल के अवशेष जलाने से फैलने वाले प्रदूषण पर अंकुश, अग्नि दुर्घटनाएँ रोकने एवं जान-माल की रक्षा के उद्देश्य से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा पूर्व में ही आदेश जारी कर जिले में गेहूँ की नरवाई इत्यादि जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के तहत कार्रवाई होगी। साथ ही किसी ने अवशेष जलाए तो उसे पर्यावरण मुआवजा भी अदा करना होगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि दो एकड़ से कम भूमि धारक को 2500 रूपए प्रति घटना, दो एकड़ से अधिक व पाँच एकड़ से कम भूमि धारक को पाँच हजार रूपए प्रति घटना एवं पाँच एकड़ से अधिक भूमि धारक को 15 हजार रूपए प्रति घटना पर्यावरण मुआवजा देना होगा।

इंदौर में बिल्डिंग की 16वीं मंजिल के कूदी छात्रा, मची सनसनी

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

शहर के पॉश इलाकों में से एक पिनेकल ड्रीम्स टाउनशिप में छात्रा की मौत से मचा हड़कंप, आत्महत्या या हत्या तफ्तीश जारी...

इंदौर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक कॉलेज छात्रा की पॉश टाउनशिप की 16वीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई है। छात्रा बिल्डिंग से कूदी है या फिर उसे धक्का दिया गया है इसका अभी पता नहीं चल पाया है । पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्रा की

पहचान मुस्कान अग्रवाल के तौर पर हुई है जो कि इंदौर के प्रेस्टिज कॉलेज में पढ़ती थी।

परिचित से मिलने आई थी मुस्कान

शुरूआती तफ्तीश में पता चला है कि मुस्कान अग्रवाल प्रेस्टिज कॉलेज में थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रही थी और वो जुलवानिया के पास कोठी गांव की रहने वाली थी उसके पिता किराना व्यापारी है। बताया गया है कि मुस्कान किसी परिचित से मिलने के लिए टाउनशिप में आई थी और फिर उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई। जैसे ही टाउनशिप के लोगों की नजर बिल्डिंग से गिरी मुस्कान पर पड़ी तो उनके रोंगटे खड़े हो गए और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मुस्कान ने 16 वीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की है या फिर उसे किसी ने धक्का दिया है ये अभी साफ नहीं हो पाया है। पुलिस दोनों ही एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस को घटनास्थल से मुस्कान का चश्मा और मोबाइल भी मिला है।

डिलीवरी ब्वाय से मारपीट करने वाली हॉस्टल संचालिका और वार्डन पर एफआइआर

इंदौर। हॉटल संचालिका और वार्डन ने डिलीवरी ब्वाय की पिटाई कर दी। वह युवतियों के लिए चिप्स और कोल्ड ड्रिंक्स लेकर आया था। पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। घटना पलासिया थाना क्षेत्र के गीतानगर में आल इज वेल गर्ल्स हॉस्टल की है। श्रीनाथ रिजेंसी ग्रेटर तिरुपति कालोनी में रहने वाली आशी सिंह ने चिप्स व कोल्ड ड्रिंक आर्डर की थी। रात करीब पौने 12 बजे डिलीवरी ब्वाय गलत पते पर चला गया। हॉस्टल की वार्डन संगीता विस्पुते और संचालिका सुनीता शर्मा, प्रियल शर्मा और अन्य ने उसकी पिटाई कर दी। आशी सिंह व प्राची जैन ने समझाने की कोशिश की तो उनके साथ भी अभद्रता की।

जिएँ जी भर के...

फिर भी जिंदगी हसीन है...
dreamsachieverspune@gmail.com

दोस्तों मेरा मानना है, चिंता करना और ना करना दोनों ही एक आदत है। अर्थात् जीवन के रूप में दिए ईश्वर के उपहार को किंतु, परंतु, लेकिन, अगर-मगर के साथ जीना और दूसरा जो भी जीवन में सामने आ जाए उसे ईश्वर की इच्छा या उसकी योजना का हिस्सा मान स्वीकारना और खुश रहना, मेरी नज़र में एक आदत है। जिसे जीवनशैली में छोटे-मोटे परिवर्तन कर अपनाया जा सकता है। चलिए मैं अपनी बात को आपको एक कहानी के माध्यम से समझाना चाहता हूँ।

निर्मल भटनागर (एजुकेशनल कंसलटेंट एवं मोटिवेशनल स्पीकर)
ग्लोबल हेराल्ड

बात कई साल पुरानी है, रामपुर में एक व्यापारी रहता था, जिसका कारोबार देश-विदेश में फैला हुआ था। समय के साथ उसकी मेहनत ने फल देना शुरू किया और उसकी गिनती देश के बड़े सेठों में होने लगी। अब उसका छोटा सा घर, हवेली बन गया; घर में बड़ी गाड़ी और नौकर-चाकर आ गए। वैभव और बड़े परिवार के बीच उसका जीवन बड़े ही आनंद से बीत रहा था। एक दिन एक परिचित ने उसे बताया कि पास ही के गाँव में रहने वाले एक सेठ की मृत्यु हो गई है और जीवन भर महंत से कमाई धन-संपत्ति ऐसे ही पड़ी रह गई। सहज भाव से साझा की गई इस जानकारी ने सेठ को अंदर तक हिला दिया। अब उसे हर पल अपनी मौत नज़दीक आती नज़र आने लगी। देखते ही देखते कुछ ही दिनों में उसकी सारी ख़ुशी ग़ायब हो गई। समय के साथ मृत्यु के इस विचार का असर उसकी सेहत पर इतना ज़्यादा पड़ा कि वो गंभीर रूप से बीमार पड़ गया। परिवार वालों ने उसका इलाज अच्छे से अच्छे डॉ से करवाया। लेकिन उसकी सेहत पर इसका कोई फ़र्क़ नहीं पड़ा। एक दिन किसी के कहने पर सेठ के परिवार वाले उसे एक महात्मा के पास ले गए। व्यापारी ने महात्मा के चरणों में बैठकर रोते हुए अपनी व्यथा कह सुनाई। जिसे सुनकर महात्मा मुस्कुराने लगे क्योंकि वे सेठ की बीमारी की वजह अच्छे से जान चुके थे। वे सेठ के सर पर हाथ फेरते हुए बोले, 'तुम्हारे रोग का इलाज तो बहुत आसान है, बेटा।' महात्मा की वाणी सुन सेठ के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ और वे कई दिनों बाद हल्की मुस्कुराहट और अधीरता के साथ बोले, 'महात्मा जी बताइए ना वह इलाज क्या है?'महात्मा जी पूर्ण सजगता और गंभीरता के साथ बोले, 'देखो वत्स अगले सात दिनों तक तुम्हें मेरी बताई बात का जाप मंत्र की तरह करना होगा। यह मंत्र तुम्हारी सभी समस्याओं को ख़त्म कर देगा।' इसके बाद महात्मा एकदम शांत भाव के साथ बोले, 'देखो, अगले सात दिनों तक तुम्हें एक मंत्र का जाप करना है। ÷जीवन एक अनमोल उपहार है और मैं इसे हर पल जियूँगा।' इस नुस्खे को सात दिन तक सुबह शाम जब भी संभव हो, मन ही मन दोहराते रहो। जितना ज्यादा इसे दोहराओगे, उतना जल्दी ठीक होते जाओगे। मैं अगले सप्ताह तुम्हारा हाल जानने के लिए फिरसे मिलने आऊँगा।' सात दिन के बाद जब महात्मा सेठ से मिलने पहुँचे तो उसके चेहरे की बदली हुई रंगत और आभा को देख, खुश होते हुए बोले, 'आज तुम बड़े खुश नज़र आ रहे हो।' महात्मा की वाणी सुनते ही सेठ उनके चरणों में गिर पड़ा और बोला, 'महाराज, आपने मुझे बचा लिया। आपके मंत्र ने मुझ पर जादू सा असर किया। मैंने जान चुका हूँ कि जिस दिन मौत आएगी, मैं उसी दिन मरूँगा। उससे पहले मैं अपने जीवन के हर पल को सिर्फ और सिर्फ़ जियूँगा। आपके नुस्ख़ा तो जादू समान था।' महात्मा मुस्कुराते हुए बोले, 'वत्स, असल में जादू हमारे विचारों में होता है। जीने का विचार रखेंगे, तो हमारी जिंदगी का हर पल जीवन्त बन जाएगा और अगर मृत्यु का विचार रखेंगे तो मरने से पहले जाने कितनी बार हम मृत्यु को प्राप्त होंगे।' बात तो दोस्तों महात्मा की ज़बरदस्त थी। अगर हमारे विचार सकारात्मक; ऊर्जा से भरे; जीवंत होंगे, तो हम हर पल ऊर्जावान और खुश व प्रसन्न रहते हुए जीवन को हर पल जी पायेंगे। इसीलिए दोस्तों मैंने पूर्व में कहा था, 'चिंता करना और ना करना दोनों ही एक आदत है।' इसलिए हमेशा याद रखियेगा, 'हम ही अपने रोज़मर्रा के विचारों से, अपनी इच्छाओं से, अपने आकर्षण-विकर्षण और अपनी पसंद-नापसंद से, अपनी नियति का निर्माण करते हैं।'

इंदौर-एदलाबाद हाईवे-जनवरी से पूरा मार्ग प्रारंभ हो जाएगा

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर एदलाबाद हाईवे के कार्य को रफ्तार दी जा रही है। जनवरी तक इसे प्रारंभ करने को लेकर कंपनी को लक्ष्य दिया गया है। इसी के अंतर्गत कंपनी ने अतिरिक्त काम भी प्रारंभ कर दिया है। वहीं पूरे मार्ग पर 7 बड़े पुलों का निर्माण तेजी से चल रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने पिछले दिनों मार्ग का दौरा करने के बाद जनवरी तक इसे प्रारंभ करने को लेकर निर्देश दिए। इंदौर-खंडवा एदलाबाद हाईवे पर सात पुल बनाए जाएंगे। बरसात को देखते हुए एनएचएआइ ने निर्माण एजेंसी को काम में तेजी लाने पर जोर दिया है। वैसे इन दिनों तेजाजी नगर से सिमरोल के बीच चार पुलों का निर्माण एक साथ शुरू कर दिया है। एनएचएआइ ने इन्हें बनाने के लिए जनवरी 2025 का समय

एजेंसी को दिया है। ये सारे पुल अंडर पास रहेंगे, ताकि गांव में आने-जाने के लिए बाहनों को सड़क पार करने में आसानी हो। 216 किमी लंबे हाईवे में तीन टनल और सात पुल हैं। चमेलीदेवी कालेज, उमेरीखेड़ा, चोखी डाणी, सिमरोल, भेरुघाट, बाईग्राम और बड़?वाह पर पुल का काम चल रहा है। यहां गांव में पहुंचने के लिए अंडर पास रहेगा, जहां से छोटे वाहनों को निकलने के लिए रास्ता रहेगा। जनवरी तक इन ब्रिज को बनाना है। इसके चलते एजेंसी ने काम तेज कर दिया है। चमेलीदेवी कालेज के पास बनने वाले पुल 50 फीसद पूरा हो चुका है। वहां तीन पिलर पर केपिंग हो चुकी है। उमरीखेड़ा पुल 20 फीसद काम हुआ है। इन दिनों एजेंसी तेजाजी नगर से सिमरोल के बीच बनने वाले इन ब्रिज को जून तक 70-80 फीसद बनाने में लगा है।

12 स्थानों पर एनिमल कारिडोर

वाहनों के साथ ही हाईवे निर्माण में जानवरों का ध्यान रखा गया है। जंगल से निकलने वाले रास्ते पर 12 एमिनल कारिडोर बनाए जाएंगे। इसके माध्यम से वन्यप्राणी जंगल में एक और से दूसरी तरफ आसानी से निकल सकेंगे। कारिडोर के लिए वन विभाग ने स्थान चिन्हित कर रखे है। यहां निर्माण अगले कुछ सप्ताह में शुरू किया जाएगा।

मिस्त्री ने जहर खाकर जान दी

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। इंदौर। पति-पत्नी में हुए विवाद के बाद मिस्त्री ने जहर खाकर जान दे दी। तिलक नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है। घटना चौहान नगर की है। 45 वर्षीय घनश्याम परमार ने जहर खाया है। घनश्याम का बेटा नितिन गंभीर अवस्था में अस्पताल लेकर गया लेकिन मौत हो गई। स्वजन ने बताया घनश्याम ने पूर्व में भी आत्महत्या का प्रयास किया है।

न्यूज ब्रीफ

लाइव रेड, राजस्थान रायल्स व गुजरात टाइटंस पर सट्टा लगाते गिरफ्तार



इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। क्राइम ब्रांच ने बुधवार को आइपीएल पर सट्टा लगाते हुए सटोरिये को पकड़ा। पुलिस ने छापा मारा तो सटोरियों के फोन आ रहे थे। एक साथ कई लोग भाव लगा रहे थे।पुलिस को 9 मोबाइल, 9 सिम कार्ड, लेपटाप सहित लाखों रुपयों का हिसाब मिला है। पिछले एक सप्ताह में आनलाइन सट्टे की चौथी कार्रवाई है। पुलिस सिर्फ मोहरों तक पहुंची है। मास्टरमाइंड अभी तक पकड़ से दूर है।सरगना दुबई में बैठा है। एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के मुताबिक, आरोपित धीरेंद्र पुत्र राजेंद्र सोनी निवासी सुदामा नगर को पकड़ा गया है। आरोपित सुदामा नगर में राजस्थान रायल्स विरुद्ध गुजरात टाइटंस मैच पर सट्टा लगा रहा था।आरोपित ने कई आइडी बना रखी थी। पुलिस ने छापा मारा तब भी सटोरिये काल कर भाव लगा रहे थे। पुलिस के सामने ही फोन बज रहे थे। मौके से पुलिस को 9 मोबाइल, 9 सिम कार्ड, एक लेपटाप, टीवी, जियो वाइफाइ और लाखों रुपयों का हिसाब मिला है। क्रिकेट के सट्टे के रुपयों से कपड़ों की दुकान संचालित करता है। क्राइम ब्रांच और पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। शहर में बड़े बुकी सक्रीय है लेकिन अभी तक सिर्फ मोहरे पकड़े गए है। वर्षों से क्राइम ब्रांच में पदस्थ पुलिसकर्मी बुकियों से मिले हुए हैं। टीम ने 4 अप्रैल को स्कीम-136 से माधव बंसल, तीर्थ सैनी, नितिन उर्फ लखन तेली, राहुल राठौर, देवेंद्रसिंह चौहान, विशाल और लक्ष्य सैनी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद आरोपित अरविंद मुरारी, आकाश राठौर, शिवम गुप्ता निवासी पोरसा मुरैना को पकड़ा। मंगलवार को हेमंत उर्फ कपिल राठौर को एरोड्रम क्षेत्र से पकड़ा। सभी में पुलिस ने कार्रवाई की लेकिन उन लोगों तक नहीं पहुंची जिनसे सटोरियों का सीधा कनेक्शन है। शहर में जयंती मामा, राजगुरु, संजय मास्टर, मुरली सहित कई सटोरिये सक्रीय हैं, जो बड़े पैमाने पर सट्टा लगाते है। राजगुरु दुबई में बैठकर सट्टा लगा रहा है।

गणगौर माता की सामूहिक पूजन की परंपरा 25 वर्षो से सतत चली आ रही

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। आज भगवानदीन नगर में सामूहिक रूप से इकट्ठा होकर

गणगौर माता की पूजा की। सामाजिक कार्यकर्ता अभय कुमार अग्रवाल के निवास पर विगत 25 वर्षो से सतत यह सामूहिक पूजन की परंपरा चली आ रही है। 72 वर्षीय श्रीमति राधा अग्रवाल जी ने बताया कि वो उनकी बहू श्रीमति शीतल अग्रवाल और श्रीमति तृप्ति अग्रवाल के सहयोग से उनके निवास पर पूरी कॉलोनी के लिए गणगौर माता का पूजन ही नही बल्कि महिलाओं के जितने भी तीज त्यौहार आते हैं उन सभी का पूजन करने का आयोजन यहां किया जाता है। आज पूजन के दौरान सुनीता बंसल, श्वेता खंडेलवाल, निशा मंगल, बीना बंसल, सरिता मंगल, कृष्णा अग्रवाल, दीप्ति, श्रुति, कुनिष्का और कॉलोनी के अनेक महिलाएं एवं बच्चिया उपस्थित थीं।

सेंट्रल जेल के बाहर हंगामा,बंदियों से नहीं मिलने देने पर नाराज हुए परिजन

इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)। त्योहार के दिन आज सेंट्रल जेल के बाहर बंदियों के परिजनों का हंगामा नजर आया। दरअसल कई बंदियों के परिजन सुबह अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए जेल पर पहुंचे थे। लेकिन जेल प्रबंधन ने काफी देर तक परमिशन नहीं दी। त्योहारों पर हर बरस बंदियों से उनके परिजन को मिलने के लिए विशेष व्यवस्था की जाती है। कल ईद का मौका था कई जेल में बंद अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए पहुंचे थे। लेकिन सेंट्रल जेल पर मिलने की व्यवस्था नहीं रही इसके चलते यहां हंगामा जैसी स्थिति पैदा हो गई सड़क पर काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। खबर लिखे जाने तक परिजन अपने बंदियों से नहीं मिल पाए थे।

सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में ईआरसीपी मशीन शुरू... मरीजों को मिलेगी राहत, नहीं करना पड़ेगा महंगा इलाज

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

एमजीएम मेडिकल कालेज के सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में एंडोस्कोपिक रिट्रोग्रेड कोलेंजियो पैनक्रिएटोग्राफी (ईआरसीपी) मशीन से जांच और इलाज की सुविधा मिलना शुरू हो गई है। डाक्टरों का दावा है कि यह प्रदेश का पहला शासकीय अस्पताल है, जहां यह मशीन शुरू की गई है। इससे मरीजों को अब महंगे इलाज से राहत मिलने लगेगी।

कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेरोलाजिस्ट डा. अमित अग्रवाल ने बताया कि ईआरसीपी मशीन से लिवर, पित्ताशय की थैली, आहार नली, पथरी, पीलिया आदि का इलाज किया जाएगा। लिवर की नलियों के कैंसर के इलाज में भी उपयोग होती है। इसका निजी अस्पतालों में खर्च 30 हजार रुपये से लेकर जटिल आपरेशन में दो लाख रुपये तक होता है, लेकिन यहां शुरू होने से अब इसका शुरूआती खर्च आठ से 10 हजार रुपये तक ही आएगा। आयुष्मान योजना अंतर्गत मरीजों को यह सुविधा निशुल्क मिलने लगेगी। ईआरसीपी, इंडोस्कोपी, फ्लोरोस्कोपी के माध्यम से अब मरीजों को बेहतर इलाज मिलने लगेगा। जिन लोगों की आहार नली सिकुड़ जाती है, उन्हें भी आधुनिक इलाज से चौड़ा किया जा सकेगा। इसके शुरू हो जाने से सिर्फ इंदौर ही नहीं, बल्कि प्रदेशभर के मरीजों को लाभ मिलने लगेगा। इसके लिए अस्पताल में 50 लाख रुपये की ईआरसीपी मशीन, 15 लाख रुपये की सी-आर्म मशीन और पांच लाख की ओटी टेबल संभागायुक्त दीपक सिंह, डीन डा. संजय दीक्षित, अधीक्षक डा. सुमित शुक्ला के प्रयासों से आ पाई है। अभी इससे एक मरीज के पित्त की नली का दूरबीन से आपरेशन किया जा चुका है। पहले ईआरसीपी से सिर्फ जांच होती थी, लेकिन अब अन्य मशीनों के साथ इसे जोड़कर आपरेशन भी किए जाने लगे हैं।

एसिड पीने के बाद सिकुड़ जाती है आहार नली

डा. अग्रवाल ने बताया कि एसिड पीने से आहार नली सिकुड़ जाती है। इसका उपचार भी सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में मिलने लगा है। कई बच्चे बचपन से आहार नली सिकुड़ने के कारण ठीक से खाना नहीं खा पाते हैं। ऐसे बच्चों का भी इलाज अब यहां किया जाने लगा है।

तीन वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो पाई मशीन

एमवाय अस्पताल में करीब तीन वर्ष पहले ईआरसीपी मशीन आई थी, लेकिन अभी तक यह शुरू ही नहीं हो पाई है। इसके शुरू नहीं होने का कारण विभाग में पदस्थ डाक्टरों का रुचि न लेना है। मरीजों को जांच के लिए निजी अस्पतालों में भेजा जा रहा है और हर माह लाखों रुपये कालेज प्रबंधन निजी अस्पतालों को दे रहा है।

इंदौर के निजी अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा

इंदौर। शहर के निजी अस्पताल में गुरुवार को एक महिला की मौत के बाद समाजजनों ने हंगामा किया। आरोप लगाया कि आपरेशन के बाद महिला को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, इसके बाद उन्होंने आक्सीजन मांगा था, लेकिन नहीं दिया गया, जिससे मौत हुई है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन मौत का कारण हार्ट अटैक आने की आशंका बता रहा है। स्वजन पोस्टमार्टम के लिए शव को एमवाय अस्पताल लेकर गए है, जिसकी रिपोर्ट के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। स्वजन संतोष यादव ने बताया कि भारती यादव (50) को दो अप्रैल को अरबिंदो अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनके पैर में चोट आई थी, जिसका आपरेशन किया जाना था। गुरुवार को आपरेशन हुआ।

विदेशी डोमेन की वेबसाइट से क्रिकेट का ऑनलाइन सट्टा, जाल में फंस रहे युवा

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

विदेशी डोमेन पर बनी वेबसाइट्स पर इन दिनों धड़ल्ले से क्रिकेट का ऑनलाइन सट्टा चल रहा है। कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच में छात्र भी इससे जुड़ रहे हैं। ऐसी वेबसाइट्स पर पुलिस नजर रख रही है। यही वजह है कि कुछ दिनों में पुलिस ने 4 जगह ऑनलाइन सट्टे का भंडाफोड़ किया है।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, वेबसाइट बनाने के लिए डोमेन की आवश्यकता होती है। देखने में आया है कि ऐसी वेबसाइट्स से जुड़े डोमेन विदेश के हैं। वहीं उनके सर्वर भी हैं। जो वेबसाइट हमारे देश में प्रतिबंधित हैं, वह विदेशों से रन हो रही है। दुबई ऐसी वेबसाइट्स का हब माना जाता है। शहर के युवा ऐसी वेबसाइट्स से जुड़ रहे हैं। एजेंट बनकर वे ग्राहकों की आइडी पासवर्ड बना रहे हैं। ग्राहक क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाते हैं। जिस पर उनका कमीशन फिक्स रहता है।

अब मोबाइल पर चल रहा सट्टा

पहले क्रिकेट सट्टा चलाने के लिए मोबाइल सर्वर और अन्य डिवाइस का इस्तेमाल सटोरिये करते थे। अब सट्टा खिलाने वाले मोबाइल पर ही पूरा कारोबार कर रहे हैं। पुलिस भी मानती है कि मोबाइल पर सट्टा खेलने वालों को पकडना बड़ी चुनौती है। दंडोतिया ने बताया, ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने के मामले में छात्रों सहित एक दर्जन आरोपियों को पकड़ा है।

यूएस के डोमेन को करेंगे मेल, युवा न करें भविष्य बर्बाद

यूएस के गोडैडी डोमेन पर कई ऐसी वेबसाइट चल रही हैं, जो देश में प्रतिबंधित हैं। इन वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चल रहा है। इन पर रोक लगाने के लिए गोडैडी डोमेन को ई-मेल करेंगे। युवाओं को सट्टे से पैसा कमाना आसान जरिया लगता है, जबकि कमीशन एजेंट उनसे पैसा कमा रहे हैं। पकड़े जाने पर युवाओं के खिलाफ लगातार केस दर्ज हो रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि एक बार क्रिमिनल रिकॉर्ड बनने पर उनका पासपोर्ट नहीं बन सकता है। सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। छात्र इस बुरी लत से दूर रहें।

-राजेश दंडोतिया, एडिशनल डीसीपी, क्राइम ब्रांच

मध्यप्रदेश में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का दौर जारी, कल के लिए रेड अलर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, शहडोल, सागर संभागों में कहीं कहीं बारिश हुई है। भोपाल, जबलपुर संभागों में अनेक स्थानों पर पानी गिरा। नर्मदापुरम संभाग के जिलों में सभी स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई एवं शेष सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। सिहोर, बैतूल, नर्मदापुरम, राजगढ़, हरदा, छिन्दवाड़ा, खरगोन, शाजापुर, देवास, भिंड, भोपाल में धूल भरी आंधी चली। भोपाल, सिवनी, भिंड, बालाघाट, राजगढ़, सिहोर, विदिशा, ग्वालियर, शाजापुर, इंदौर, बड़वानी, सागर, छिन्दवाड़ा, जबलपुर, मंडला, कटनी, रीवा, चित्रकूट में बिजली गिरी और तेज हवाएं चली।

यादें स्मृति दिवस पर विशेष...

भाई रमेश जी अग्रवाल के साथ शहर की अनेको स्मृतियाँ जुड़ी है। आपके मार्गदर्शन में हर क्षेत्र में सामाजिक विकास की पहल की गई। अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति समाज की सर्वोच्च और उत्कृष्ठ संस्था है। इस संस्था का गठन समाजसेवी श्री देवेन्द्र बंसल, हरिकिशन अग्रवाल के विचारों की देन दें थी।

80 -90 के दशक में समाज के जन, संस्थाएं अपने अपने क्षेत्रों में बँटी हुई थी, अग्रसेन जयंती पर जुलूस भी छोटे छोटे स्तर पर अपने अपने इलाकों में निकल रहे थे। श्री देवेन्द्र बंसल ने इन सबको समन्वित करने के विचार से समाजजनों को एकत्र किया और आदरणीय श्री रमेशचंद्र जी अग्रवाल से अनुरोध किया कि आप इस केंद्रीय समिति का संवरक्षक बनेंगें तो यह बिखरा हुआ समाज पुनः एक हो सकता है और हम सारे संगठनों को एक कर सकेंगें। इस विचार को कामयाबी मिली और श्री रमेशजी के मार्गदर्शन से पूरा समाज एक हो गया। इसी अथक मेहनत से अग्रवाल समाज का विशाल और एकरूप अभिनव जुलूस अग्रसेन जयंती पर निकला जो मिसाल बन गया और आज एक परंपरा का रूप ले चूका है। इस तरह रखी इस वैचारिक नींव इतनी मजबूत हो चुकी है कि अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति के चुनाव प्रतिष्ठा और सम्मान का सूचक बन आज समाज सेवा में अग्रणी बन अनेकों सेवा प्रकल्पों के कार्य समाजसेवी विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी समाज के हित में किए जा रहे है।

हम आज रमेशजी भाई साहब को भूल नही सकते है श्री रमेशजी भाईसा हमारे खुशी के पलो का एहसास थे, उनसे हमारी सामाजिक दुनिया खुश थी, वह हर दुखी के मन का उजाला थे, मुस्कुराते मन से सबका दिल जीत लेते थे, उनके बगीचों में समाज का हर गुलाब खिलखिलाता था, उनकी समाजिक प्रेरणा की लहरें बेमिसाल थी। में उनकी हर यादों के पन्नो को टटोलता हूँ,सच में भाई साहब आप बहुत याद आते हो,आपको हम सब दिल से शत शत वंदन करते है ।

देवेंद्र बंसल
संस्थापक: श्री अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति

ग्लोबल हेराल्ड

सीएम राइजिंग स्कूलों की मार्केटिंग हुए सक्सेस

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के कार्यकाल में प्रारंभ किए गए सीएम राइजिंग स्कूल में अब प्रवेश को लेकर आम लोगों में उत्साह तेजी से बढ़ रहा है। कई स्कूलों में तय सीट से ज्यादा आवेदन आ गये हैं। नये सत्र में इस बार छातों को बसों की सुविधा भी इन स्कूलों में मिलने लग जाएगी। सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले स्कूलों में महू के मॉडल स्कूल का नाम है जहां 200 सीटों के लिए 2600 से अधिक आवेदन आये हैं। इस साल शहर के 11 सीएम राइजिंग स्कूलों के लिए साढ़े पांच हजार से ज्यादा आवेदन प्रवेश के लिए आ चुके हैं। इनमे पिछले दिनों आरटीई के तहत चाहे गये प्रवेश भी शामिल है। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक नरेंद्र जैन ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि सीएम राइजिंग स्कूलों में शैक्षणिक स्तर किसी भी प्रायवेट स्कूल से बेहतर बनाने को लेकर सरकार ने कई कदम उठाये है। इसके तहत ही इंदौर में 11 सीएम राइजिंग स्कूल बनाये गये हैं इन सीएम राइविंग स्कूलों में पालकों का अपने बच्चों के लिए प्रवेश दिलाये जाने को लेकर उत्साह देखा जा सकता है।

हजार से ज्यादा आवेदन प्रवेश के लिए आ चुके है। इसमे सबसे ज्यादा मॉडल स्कूल मह के लिए आवेदन आये है वहां दो सौ सीटों पर 2600 आवेदन आना बता रहा है कि इन स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर है वहीं दूसरी ओर अहिल्या आश्रम कन्या विद्यालय क्रमांक में प्रवेश के लिए एक हजार से ज्यादा आवेदन आये है। तीसरे नंबर में नवीन मालवा कन्या विद्यालय और चौथे नंबर पर मल्हार आश्रम में प्रवेश के लिए छातों ने रुची दिखाई है। इस मामले में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक ने यह भी बताया कि इस साल से इन सभी स्कूलों में निशुल्क बस सेवा भी प्रारंभ होने जा रहा है। बस चलाने के लिए ठेका लेने वाली कंपनी ने कॉन्ट्रेक ट कर लिया है, जिसमे से स्कूलों को कुछ बसें देना अभी प्रारंभ कर दिया जाएगा हालांकि अभी छातों की संख्या कम है 16 जून से जब स्कूल पूरी तरह प्रारंभ हो जाएंगे तब छातों को बसों की सुविधा भी मिलने लगेगी इन स्कूलों में जून से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ कर दिया जाएगा।

अगवा बच्चे को वापस पाने के लिए दो दिन से इंदौर जीआरपी थाने में इंतजार कर रहे दंपती

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

कटरा से इंदौर आ रही मालवा एक्सप्रेस में छह अप्रैल की रात दो माह के बच्चे के अपहरण के मामले में बुधवार देर रात ग्वालियर जीआरपी आरोपितों को लेकर ग्वालियर रवाना हो गई थी। गुरुवार को तीनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया, जिसमें दो महिला आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। वहीं एक पुरुष आरोपित को रिमांड पर लिया गया है।

इधर अपना बच्चा लेने के लिए इंदौर आए दंपती दो दिन से जीआरपी थाने में इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल बच्चे को संजीवनी आश्रम में रखा गया है। शुक्रवार को महिला बाल विकास विभाग का दल जांच कर कलेक्टर से अनुमोदन लेकर बच्चे को लेकर निर्णय लेंगे।

दो महिला आरोपितों को जेल भेजा, पुरुष रिमांड पर

ग्वालियर जीआरपी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात जिस दंपती ने जीआरपी इंदौर में बच्चे को सौंपा था, उन्हें गिरफ्तार कर शुक्रवार को ग्वालियर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से आरोपित अमर सिंह चौहान को रिमांड पर लिया गया है। वहीं उसकी पत्नी और एक अन्य महिला को जेल भेज दिया गया है। इधर बुधवार को बच्चे की पहचान कर चुके दंपती गुरुवार को भी अपने बच्चे की सुपुर्दी के लिए जीआरपी थाने के चक्कर लगाते रहे। बच्चे के पिता उमेश अहिरवार निवासी छतरपुर ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने बच्चे को संजीवनी आश्रम में दिखाया था। बच्चा हमारा ही है, लेकिन अब तक हमें बच्चा नहीं सौंपा गया है। हम काफी परेशान हो रहे हैं। जीआरपी टीआइ संजय शुक्ला ने बताया कि बच्चे की सुपुर्दी बाल कल्याण समिति द्वारा की जानी है, लेकिन वह भंग है। ऐसे में कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद ही फैसला होगा। बाल कल्याण समिति सदस्य गजेंद्र तोमर ने बताया कि समिति के दो लोगों का सेवाकाल समाप्त हो चुका है। ऐसे में शुक्रवार को महिला बाल विकास विभाग के दल द्वारा जांच की जाएगी। इसके बाद जांच रिपोर्ट के साथ कलेक्टर का अनुमोदन पत्र लिया जाएगा। इसके बाद ही बच्चे की सुपुर्दी का निर्णय होगा। हमारी कोशिश रहेगी कि शुक्रवार को सभी प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।

मुक्तिधाम के पास कचरे में सुबह- सुबह लगी आग

इंदौर। हाथीपाला मुक्तिधाम के नजदीक आज सुबह बड़ी आगजनी हुई। आग कचरे में लगी थी जिसे बुझाने में 10000 लीटर पानी बहाना पड़ा। दमकल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हाथीपाला मुक्तिधाम के नजदीक बड़ी मात्रा में कचरा पड़ा हुआ है। सुबह इस कचरे में आग की सूचना मिली थी। जैसे ही सूचना मिली फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। यहां 10000 लीटर पानी बहाकर आग बुझाई गई। लगभग 2 घंटे आग बुझाने में लगा था। गनीमत रही आग में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है।

बाइक सवार को गम्भीर चोट

आज तेजाजी नगर चौराहे के पास एक्सीडेंट हुआ। जिसमें एक बाइक सवार अचानक ब्रेक लगने से असन्तुलित होकर गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई। चौराहे पर ड्यूटी कर रहे हैं यातायात प्रबंधन पुलिस के उप निरीक्षक शिवलाल विश्वकर्मा तथा उनकी टीम द्वारा तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से एम वाय अस्पताल रवाना किया गया '

13 विषयों की आरएसी लोकसभा चुनाव बाद, 15 मई के बाद होंगे इंटरव्यू

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

लोकसभा चुनाव की वजह से अब पीएचडी में दाखिले से जुड़ी शोध सलाहाकार समिति (आरएसी) की प्रक्रिया प्रभावित होने लगी है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने 13 विषयों की आरएसी मतदान बाद करवाने पर जोर दिया है, क्योंकि इन विषयों में साक्षात्कार की तारीख तय नहीं हुई है। अधिकांश उम्मीदवारों के पास गाइड की तरफ से सहमति पत्र नहीं मिला है। इसके चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने 15 मई बाद चयनित उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाना तय किया है। हालांकि इस बीच कुछ विषयों की समिति बनाई जानी है। यह काम शैक्षणिक विभाग को महीनेभर में पूरा करना है।

बीते साल नवंबर में डाक्टरल एंट्रेंस टेस्ट (डीईटी) का रिजल्ट जारी हुआ था। चालीस विषयों की 861 सीटों के लिए डीईटी के माध्यम से 1100 उम्मीदवारों का चयन किया। साथ ही 500 जूनियर रिसर्च फैलोशिप (जेआरएफ) वाले उम्मीदवारों को सीधे आरएसी में मौका दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन को चालीस विषय में आरएसी के लिए समिति बनाने में चार महीने लगे। मार्च से आरएसी के तहत कुछ विषयों में साक्षात्कार शुरू किए गए हैं। मगर अभी तक उर्दू, पत्रकारिता, संगीत व नृत्य, अर्थशास्त्र, सोशलाजी, शिक्षा, आइटी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, डाटा साइंस, इंस्ट्रूमेंटेशन, बाटनी, जूलाजी विषय में आरएसी की तारीख तय नहीं हुई है।

पहले उम्मीदवारों को गाइड से करना होगा संपर्क

अब चुनाव को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने मतदान खत्म होने के बाद इनकी प्रक्रिया शुरू करने पर जोर दिया है। मगर उससे पहले विभागों को आरएसी की तारीख तय करने के साथ ही उम्मीदवारों को गाइड से संपर्क करवाना है, ताकि वह इनसे सहमति पत्र लेकर साक्षात्कार में शामिल हो सके।

सम्पादकीय

अहंकार से बचें

जब आप पूरी गंभीरता से आत्मन्वेषण प्रारंभ करते हैं तो होता यह है कि अहं विचार लुप्त हो जाता है और भीतर की गहराइयों में से कोई दूसरा तत्व आप पर अधिकार कर लेता है जो आपका मैं नहीं होता जिसने अन्वेषण शुरू किया था।प्राथमिक शर्त यही है कि मनुष्य मिटे, शून्य हो जाए , नकार हो जाए। मनुष्य हटे, द्वारा दे तो परमात्मा का आगमन हो।मनुष्य की चाह असंभव की है: मनुष्य चाहता है परमात्मा को पा लूं और मैं भी रहूं।अहंकार को परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती।हम परमात्मा को पाना चाहते हैं परंतु अहंकार छोड़ने के लिए तैयार नहीं।यह मैं बड़ा लालायित रहता है हर सुख पाने के लिए। परमात्मा भी उसके लिए एक सुख की तरह है,वह उसे परम सुख कहदे पर है सुख ही।जब तक अहंकार है परम सुख कहां और जब परम सुख होता है तब अहंकार नहीं होता।जब भोक्ता ही नहीं तो परम सुख का क्या अर्थ है?मगर यही है।सत्य सतचित आनंदस्वरुप है।अहंकार खोजने पर पाया नहीं जाता।इसका अर्थ है अहंकार जैसी कोई चीज नहीं है,सिर्फ भ्रम है,मूर्छा है, अज्ञान है।जब हम पूछते हैं -मैं कौन हूं तब यहां मैं अहंकार का सूचक है।अहंकार पूछता है-मैं कौन हूं, कहां हूं, क्या हूं?पता लगाने पर यही पता लगता है कि अहंकार नहीं है, अस्तित्व है,आत्मा है(सेल्फ)।मैं अहंकार हूं मतलब मैं हूं ही नहीं।श्रीरमण महर्षि बार-बार कौन है पूछने के लिए कहते हैं।विचार दिन भर चलते ही हैं बस हर विचार के साथ कौन जोड दिया जाय।जैसे सुख का अनुभव हो रहा है तो पूछे कौन सुख का अनुभव कर रहा है?दुख का अनुभव हो रहा है तो कौन दुख का अनुभव कर रहा है?इस तरह कौन सम्मान या अपमान का अनुभव कर रहा है?मैं।तो यह मैं अहंकार है जो वस्तुतः है नहीं,जो केवल मान्यता है, अज्ञान है,भ्रम है।कौन सुखी है?मैं जो हूं ही नहीं।कौन दुखी है?मैं जो हूं ही नहीं।जो है ही नहीं वह सुखी दुखी कैसे हो सकता है?कोई प्रश्न नहीं।जो है नहीं वह सुखी दुखी कैसे हो सकता है?सुखी दुखी तो तब हो जब वह हो।अहंकार नहीं है तो फिर कौन है?वही है जो है।उसे समझने के लिए आत्मा, परमात्मा कह दिया जाता है।कहने से वह शब्द जैसा लगता है।है वस्तुतः निशब्द, अस्तित्व रुप, सतचित आनंद अनुभव रुप।मैं एक शब्द है,अनुभव निशब्द है।हम अनुभव पर ध्यान देने के बजाय मन में मैं मैं करके सोचते रहते हैं और सुखी दुखी होते रहते हैं।मन, मैं विचार,अहंकार एक ही बात है। वास्तव में यह अस्तित्व हीन है।जो है वह अस्तित्व हीन नहीं है।वह तो है।है जब इतनी बात हो रही है वर्ना इतनी बात न हो।वह पूर्ण है,आनंद है।समस्या अहंकार के कारण है जो वस्तुतः है ही नहीं।केवल एक विचार है या ख्याल मात्र है।कोई कोई उसे मानसिक छबि(एक इमेज)भी कहते हैं।यह देखने जैसी बात है जो है ही नहीं वस्तुतः वह कैसे बड़े भारी कष्ट का कारण बना हुआ है?मुझे चोट लगी।वह कौन है जिसे चोट लगी?मुझे चोट लगी जो हूं ही नहीं।जो है ही नहीं उसे चोट कैसे लग सकती है?केवल मान लिया मैं हूं -और इसलिए चोट लग रही है।मैं कौन हूं यह जानने के लिए है कि मैं तो हूं ही नहीं, वही है सदा जो है।यह आत्मानुसंधान द्वारा जाना जाता है।अहंकार रुपी मेरा कोई अस्तित्व नहीं फिर कैसा दुख,कैसी पीडा,कैसी चिंता,कैसा भय?गीता ने अहंकारविमूढात्मा शब्द का प्रयोग किया है। आत्मा अहंकार भ्रम से भ्रमित होकर सोचता है मैं सुखी हूं, मैं दुखी हूं आदि,यदि हम अहंकार की मान्यता बनाकर जीएंगे तो यह सब होगा ही। और यह बडा कष्टप्रद है।इस कष्ट से अभी इस क्षण मुक्ति मिल सकती है अगर मैं जान लूं कि अहंकार रुपी मैं हूं नहीं।मैं ही नहीं फिर कैसा सुख दुख?इस कारण से कौन सुखी है,कौन दुखी है यह प्रश्न पूछते रहना सार्थक है।जैसे ही परेशानी हुई,तुरंत पूछे- कौन परेशान है?अहंकार रुपी मैं परेशान हूं।कौन है, क्या है यह अहंकार रुपी परेशान?पता लगाने पर यही पता चलेगा कि यह अस्तित्व हीन है,इसकी कोई सत्ता नहीं।फिर धोखा कैसे होता है,अहंकार रुपी भ्रम क्यों कैसे होता है?इसका कारण बताया गया माया।मैं अरु मोर तोर तें माया। जेहिं बस कीन्हें जीव निकाया।।सभी जीव मूलतः आत्मस्वरुप हैं।मेरा मेरा करे आपको धोखा क्योंकि संसार में प्रवहु राम के अलावा सभी का नस्ट होना तय है आज चुनाव में मैं ऐ सब किता मेरे पास खजाना है जितने पर ऐ सब मिलेगा ऐ दिशाहिन राजनीती है ऐ कहना चाहिए देश को क्या दे सकते हैं आपकी सुरक्षा की गारंटी,आम आदमी पार्टी के लोग यदि जेल में बन्द हैं तो अपने कर्मों के कारण लई कोर्ट ने फैसला दिया है कि आपको जेल में सही डाला गया है और इसका राजनीती से कोई लेना देना नहीं है ऐ ईडी का मामला है जो गंभीर है और इसका चुनाव से कोई लेना देना नहीं ऐ अहंकार के कारण ही हुआ,परमात्मा ही सब है सभी जीवों के रूप में।एकोहं बहुस्याम्। वही एक से अनेक हो गया है। मैं मेरा तू तेरा वह उसका की माया से झूठा भेद खडा कर दिया है। वही परेशान कर रहा है।मगर परेशानी शुभ हो सकती है अगर पूछा जायकौन परेशान है?ज्ञात होगा अहंकार परेशान है जो वस्तुतः अस्तित्व हीन है।बडी अद्भुत बात है जो है नहीं वह परेशान कैसे हो सकता है?नहीं हो सकता।और यही समझ समझ है,यही नहीं मैं परमात्मा को पाना चाहता हूं तो पूछूं -कौन परमात्मा को पाना चाहता है?

संजय गोस्वामी
लेखक
दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

आप के आदर्श शिक्षा मॉडल की स्थिति चिन्तनीय...

– ललित गर्ग– | लेखक

दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

देश ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपने शिक्षा मॉडल को अनुकरणीय बताया एवं अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में बहुप्रचारित किया लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में इसकी पोल खुल गयी। न्यायालय ने दिल्ली की स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिन्तनीय, दुखद एवं अपर्याप्त बताते हुए दिल्ली के शिक्षा सचिव को फटकार लगायी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ सोशल ज्यूरिस्ट, ए सिविल राइट्स ग्रुप का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अशोक अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत इस विषयक एक तीखी रिपोर्ट पर संज्ञान, सुनवाई एवं जांच में पाया कि इन स्कूलों में कई विसंगतियों हैं जैसे टूटी हुई डेस्क, कक्षाओं की गंभीर कमी, पीने के स्वच्छ पानी का अभाव, अपर्याप्त किताबें और लेखन सामग्री। कई स्कूलें टिन बिल्डिंग में चल रही है एक स्कूल में 1,800 लड़कियां और 1,800 लड़के डबल शिफ्ट में पढ़ते हैं। कुछ कक्षाओं में दो-दो कक्षाओं के छात्र एक साथ बैठकर पढ़ते हैं। जब शिक्षा सचिव ने बदहाली की पुष्टि की तो जस्टिस मनमोहन ने कहा कि आपकी इसी लापरवाही की वजह से तिहाड़ जेल में समस्या और भीड़ दोनों बढ़ी है। तिहाड़ जेल में दस हजार कैदियों की क्षमता है, लेकिन वहां 23 हजार हैं। वजह अशिक्षा एवं दूषित शिक्षा है जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य को बर्बाद हो रहा है। केजरीवाल सरकार ने शराब घोटाला ही नहीं, शिक्षा घोटाला भी किया है।

केजरीवाल सरकार ने अपनी उपलब्धियों के नाम पर दो उपक्रम प्रमुखता से गिनाये हैं एक शिक्षा एवं दूसरा मौहल्ला क्लीनिक। दिल्ली के सरकारी स्कूलों की दशा एवं दिशा न केवल बिगड़ी है, बल्कि रसातन में चली गयी है। मौहल्ला क्लीनिकों की स्थिति भी दयनीय है। दिल्ली से शुरू हुई उन्नत शिक्षा की पहल को देश के अन्य प्रांतों ही नहीं, बल्कि दुनिया के अनुकरणीय बताने वाले केजरीवाल ने शिक्षा के बुनियाद क्षेत्र को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र को राजनीतिक नजरिये से देखना एवं उन्नत इंसानों को गढ़ने की इस प्रयोगशाला से खिलवाड़ करना, शर्मनाक घटनाक्रम है। आप की सरकार ने साल 2015 से साल 2024 के बीच शिक्षा सबसे पहले या एजूकेशन फर्स्ट जैसा आकर्षक नारा देकर दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नई जान फूंकने के नाम पर दिखावा किया। कुछ स्कूलों को अत्याधुनिक बनाकर दिल्ली की समस्त स्कूलों का कायाकल्प करने की बात करने वाली केजरीवाल सरकार ने करोड़ों रुपए विज्ञापनों पर खर्च किये। आप सरकार ने शिक्षा मंत्रालय संभाले उनके नायब/उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षा के लिए अधिकतम राशि का आवंटन किया, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की नई तकनीक और विद्यार्थियों के वास्ते नए पाठ्यक्रम लागू किए तथा स्कूलों का दम तोड़ता बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए जी खोल कर धन मुहैया कराया। लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुई दिल्ली की स्कूलों की दर्दनाक स्थितियां बताती है कि वह सरकारी खजाना अगर स्कूलों में खर्च होता तो स्कूलों की यह दुर्दशा देखने को नहीं मिलती। स्पष्ट है स्कूलों के नाम पर आवंटित बजट में बड़ा घोटाला हुआ है, उसकी स्वतंत्र जांच होनी ही चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय में ही एक अन्य याचिका में यह तथ्य भी सामने आया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले छह लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाली सुविधाएं जैसे यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि नहीं मिल पा रही हैं। याचिका में कहा गया है कि राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी एजुकेशन एक्ट, दिल्ली राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी रुल्स और दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट के नियमों के मुताबिक बच्चों को शिक्षण सत्र के शुरू में ही उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि सुविधाएं मिलनी चाहिए। याचिका में कहा गया है दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले 2,69,488 छात्र और दिल्ली नगर निगम में पढ़ने वाले 3,83,203 छात्र शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाले वैधानिक सुविधाओं से वंचित हैं। याचिका में 14 नवंबर 2023 के ऑडिट मेमो का जिक्र किया गया है जिसमें कहा गया है कि 2016-17 से शिक्षण सत्र से दिल्ली नगर निगम के छात्रों को वैधानिक वित्तीय सुविधा नहीं दी जाती हैं। विडम्बना देखिये दुनिया के लिये आदर्श मॉडल के रूप में दिल्ली की सरकारी स्कूलों को प्रचारित करने वाली स्कूलों की स्थिति कितनी खतरनाक हैं। स्कूल में एक ही कमरे को साइंस लैब, आर्ट रूम और लाइब्रेरी के तौर पर प्रयोग किया जा रहा है। एक कक्षा में 70 से 80 बच्चे हैं। दोनों पालियों में लगभग 4 हजार छात्र-छात्राएं यहां पढ़ते हैं। स्कूल में कुल 15 कमरे हैं, लेकिन अधिकारिक तौर पर 7 साल पहले इस स्कूल को असुरक्षित घोषित किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस शिक्षा मॉडल की जिसका डंका वे दिन रात बजाते हैं। यहां तक कि न्यूयार्क टाइम्स में भी दिल्ली के शिक्षा मॉडल की तारीफों के पुल बांधते हुए लेख लिखे जाते हैं। उस शिक्षा मॉडल का यथार्थ बहुत भद्दा एवं खौफनाक है। शिक्षा के नाम पर एक बदनुमा दाग है। जिसकी झलक प्रजा फाउंडेशन एनजीओ की व्हाइट पेपर रिपोर्ट में मिलती है। यह रिपोर्ट केजरीवाल के दावे को मुंह चिढ़ा रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक अरविंद केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद से दिल्ली के सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट बढ़ गया। साल 2014-15 में सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट जहां 2.9 प्रतिशत था, दो साल के भीतर 2016-17 तक आते आते ड्रॉप आउट रेट 3.4 प्रतिशत हो गया। दिल्ली ईकोनॉमिक सर्वे 2021-22 में दिए गए आकड़े मुख्यमंत्री के प्रचारतंत्र से वादा खिलाफी कर रहे हैं। ये आंकड़े सरकार पर सवाल उठाते हुए बता रहे हैं कि अगर शिक्षा व्यवस्था सुधर रही है तो साल दर साल सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या घट क्यों रही है। ईकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक 2014-15 में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 15.42 लाख थी जो घटते-घटते 2017-18 में 14.81 लाख रह गई। नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड ने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को लेकर जो रिपोर्ट जारी किया उसमें स्कूलों में प्रिंसिपल की कमी, ड्रॉप आउट, छात्र-शिक्षक अनुपात जैसी समस्या सामने उभर कर आई। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के छात्रों में सीखने की क्षमता राष्ट्रीय औसत से कम है। सरकारी स्कूल में दाखिले के विपरीत प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि आई है। साल 2014-15 में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 13.47 लाख थी जो 2020-21 में बढ़ कर 17.82 लाख हो गई। यानी 2014-15 से लेकर 2020-21 तक 6 साल के अंतराल में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में जहां 4 लाख 85 की वृद्धि हुई, वहीं सरकारी स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में महज 78 हजार की वृद्धि हुई। आप की 2020 के विधानसभा चुनाव में फिर से लगातार जबरदस्त जीत में सरकारी विद्यालय प्रणाली में सुधार के झूठे एवं भ्रामक दावों का जबरदस्त हाथ है, लेकिन अब इसकी सच्चाई धीरे-धीरे परत-दर-परत खुलने लगी है। आजादी का अमृत काल में दिल्ली की सरकारी स्कूलों का गिरता शिक्षा स्तर एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव आप सरकार पर एक बदनुमा दाग है, एक बड़ी नाकामी का द्योतक है। प्रश्न है कि किसे फिक्र है हमारी शिक्षा की? प्रश्न यह भी है कि झूठे प्रचार एवं दावों के बल पर आप सरकार कब तक दिल्ली की भोली-भाली जनता को गुमराह करती रहेगी? स्कूली शिक्षा में क्रांति लाने के आप के दावे बच्चों के भविष्य से कब तक खिलवाड करते रहेंगे?

आप के आरोप सच्चाई की कसौटी पर?

आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और ईड़ी पर लंबे समय से आरोप लगाती आ रही है। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी को खत्म करने के लिए सीबीआई और केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय का उपयोग कर रही है। शराब घोटाले के आरोप तथा लोटस अभियान के माध्यम से आम आदमी पार्टी के विधायकों और पार्टी के पदाधिकारियों को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। पिछले कई माह से यह आरोप आम आदमी पार्टी के नेता लगाते रहे हैं। पिछले दो साल से शराब घोटाले की जांच ईड़ी कर रही है। इसमें दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को जेल जाना पड़ा। ईड़ी को अभी तक मनी ट्रेल का कोई सबूत नहीं मिला है। इसी आधार पर हाल ही में संजय सिंह की जमानत 6 महीने बाद सुप्रीम कोर्ट से मंजूर हुई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भी आम आदमी पार्टी छोड़कर कोई भी विधायक बाहर नहीं निकला। संजय सिंह की जमानत के बाद दिल्ली का नजारा ही बदल गया। आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच में सड़कों में संग्राम शुरू हो गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में बंद है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। वह जेल से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी भी अब आर पार की इस लड़ाई में अब सुनार की तरह टुकटुक करने की बजाय, लोहार की तरह, एक ही हथौड़ा मारकर आम आदमी पार्टी को निपटाने की कोशिश करते हुए नजर आ रही है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईड़ी ने दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद के यहां कई महीने पहले छापा डाला था। करीब 23 घंटे तलाशी लेकर पूछताछ की थी। उसके बाद से यह मामला ठंडा पड़ा हुआ था। हाल ही में केंद्रीय परिवर्तन निदेशालय ने 12 अप्रैल को पुनः पूछताछ के लिए समन जारी किया है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय का समन मिलने के बाद और 12 तारीख के पहले, राजकुमार आनंद ने दिल्ली सरकार के मंत्री पर और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। आनंद ने पत्रकार वार्ता में कहा, कि मैं भ्रष्ट आचरणों के साथ आम आदमी पार्टी के नेताओं में नाम दर्ज नहीं करना चाहता हूं। आम आदमी पार्टी के पास शासन करने की नैतिकता नहीं बची है। यह कहते हुए उन्होंने आम आदमी पार्टी को छोड़ने की बात कही है। वहीं सांसद संजय सिंह का कहना है, समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद के यहां पर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल छापा डाला था। हाल ही में जब ईड़ी ने पुनः समन जारी किया। उसके बाद से वह दबाव में थे। परिवार की दबाव और गिरफ्तारी से बचने के लिये राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी को छोड़ा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है। जिसके लिए ईड़ी का उन्होंने इस्तेमाल किया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के निजी सचिव को हटा दिया है। उपराज्यपाल आम आदमी पार्टी की सरकार पर रोज निशाना साध रहे हैं। जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी सड़कों पर आकर केजरीवाल के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल और केंद्र सरकार जिस तरह से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा कराने या सरकार को बर्खास्त करने के विकल्प तैयार कर रहे हैं। उससे दिल्ली की राजनीति में एक तूफान आ गया है। इसका असर सारे देश भर में हो रहा है। लोकसभा चुनाव का प्रचार शुरू हो चुका है। इस बार एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला होने जा रहा है। दिल्ली में जो कुछ हो रहा है उसका असर देश की राजनीति में पडना तय है। आम आदमी पार्टी का आरोप है लोटस अभियान पिछले 2 साल से चलाने की कोशिश भाजपा कर रही है। ईड़ी के माध्यम से आम आदमी पार्टी के नेताओं को जबरिया जेल भेजा जा रहा है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की पिछले 2 साल से जांच ही चल रही है। नेताओं को जेल में बंद रखा जा रहा है। उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार भी नहीं करने दिया जा रहा है। पार्टी तोड़ने की जो सूचनायें पार्टी को मिल रही थी। समय-समय पर पार्टी ने उसे उजागर किया। मीडिया हम से ही सवाल पूछता था। उन्होंने कहा जल्द ही राजकुमार आनंद भाजपा में प्रवेश ले लेंगे। ऐसा ही लोटस अभियान भाजपा ने कई राज्यों में पहले भी चलाया है। इसी तरीके से विधायकों को तोड़कर विपक्षी दलों की राज्य सरकारों को अस्थिर करके भाजपा की सरकार बनाई है। सुप्रीम कोर्ट में अरविंद केजरीवाल ने जमानत के लिए याचिका दायर की है। संभवतः सोमवार को सुनवाई होगी। इतना तो स्पष्ट है, कि आम आदमी पार्टी जो आरोप लगाती थी। इसकी सत्यता अब सामने आने लगी है। अब आरोप सत्यता की कसौटी में कसा जाना है। इसके बाद किसके आरोप में कितनी दम है। न्यायालय की कसौटी में कसने के बाद ही आरोपों की सत्यता का पता चल सकेगा।

सनत जैन
लेखक
दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

सर्वव्यापी है आत्मा



केवल वह जो क्षणिक है, छोटा या नर है, उसे ही सुरक्षा की आवश्यकता है; जो स्थायी है, बड़ा या विशाल है, उसे सुरक्षा की जरूरत नहीं। सुरक्षा का अर्थ है समय विशेष को लंबा कर देना; इसीलिए सुरक्षा परिवर्तन में बाधक भी होती है। पूर्ण सुरक्षा की स्थिति में रूपांतरण नहीं हो सकता। सुरक्षा के बिना इच्छित रूपांतरण नहीं हो सकता। एक बीज को पौधे में परिवर्तित होने के लिए सुरक्षा चाहिए; एक पौधे के वृक्ष बनने के लिए सुरक्षा चाहिए। अत्यधिक सुरक्षा रूपांतरण में या तो सहायक हो सकती है या बाधक, इसीलिए रक्षक को यह समझ होनी चाहिए कि किस मात्रा तक उसे रक्षा करनी है।

सुरक्षा और रूपांतरण- दोनों काल और समय के अनुसार होते हैं और समय से परे होने के लिए इन नियमों का सम्मान आवश्यक है। सुरक्षा एक विशेष समय और नर चीजों तक ही सीमित है। चिकित्सक कब तक किसी को स्वस्थ रख सकता है या बचा सकता है? सदा के लिए? नहीं। सत्य को किसी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं। शांति और खुशी को सुरक्षा की आवश्यकता नहीं, क्योंकि वे क्षणिक नहीं। तुम्हारे शरीर को सुरक्षा की आवश्यकता है, तुम्हारी आत्मा को नहीं; तुम्हारे मन को सुरक्षा की जरूरत है, स्वरूप को नहीं। आत्मा केवल मन और शरीर का समिश्रण नहीं है। आत्मा न मन है, न शरीर। शरीर के अस्तित्व का एकमात्र उद्देश्य है तुम्हें सचेत करना कि तुम कितने सुंदर हो; और तुमको जागरूक करना कि तुम जिन आदर्शों का सम्मान करते हो, उन सभी को तुम अपने जीवन में ढालकर, अपने चारों ओर एक दिव्य-जगत की सृष्टि करो। जो योगासन तुम करते हो, वह शरीर के लिए और जो ध्यान करते हो, वह मन के लिए है। शांत हो या विचलित; मन, मन ही रहता है। रोगी हो या निरोगी; शरीर, शरीर ही रहता है। आत्मा सर्वव्यापी है। शरीर के किसी अंग को उत्तेजित करने से मजा आता है, सुख का आभास होता है। जब आत्मा का उद्दीपन होता है, प्रेम जागृत होता है। प्रेम अनंत है, परंतु सुख सीमित है। प्रायः व्यक्ति समझते हैं कि सुख ही प्रेम है। सुख और प्रेम के फर्क को केवल भाग्यशाली ही समझ सकता है।

व्यापार

एडीबी ने देश की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया

नई दिल्ली ■

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। एडीबी ने कहा है कि मजबूत वृद्धि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की निवेश और उपभोक्ता मांग में क्रमिक सुधार से प्रेरित होगी। हालांकि, 2024-25 का विकास अनुमान 2022-23 वित्तीय वर्ष के अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है। एडीबी ने कहा कि मजबूत निवेश ने वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि को गति दी क्योंकि खपत कम थी। एडीबी ने पिछले साल दिसंबर में वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.7 प्रतिशत विस्तार का अनुमान लगाया था। एशियाई विकास आउटलुक के अप्रैल संस्करण में एडीबी ने कहा कि विनिर्माण और सेवाओं में मजबूत गति के साथ वित्त वर्ष 2023 में अर्थव्यवस्था में जोरदार वृद्धि हुई है। यह तेजी से बढ़ती रहेगी। विकास मुख्य रूप से मजबूत निवेश मांग और उपभोग मांग में सुधार से प्रेरित होगा। वहीं मुद्रास्फीति में गिरावट का रुझान जारी रहेगा। इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2025 में नरमी के बावजूद विकास मजबूत रहेगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एडीबी ने भारत की विकास दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

कच्चा तेल 91 डॉलर, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 91 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। वैश्विक बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.31 डॉलर की उछाल के साथ 90.79 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.27 डॉलर की बढ़त के साथ 86.48 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

सरकार ने तंबाकू उत्पादों के पंजीकरण की तारीख बढ़ाई

नई दिल्ली ■

केंद्र सरकार ने पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के निमार्ताओं के पंजीकरण और मासिक रिटर्न दाखिल करने के लिए विशेष प्रक्रिया के कार्यान्वयन की तारीख 15 मई तक बढ़ा दी है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इससे पहले नई पंजीकरण और मासिक रिटर्न दाखिल प्रक्रिया एक अप्रैल 2024 से क्रियान्वित करने की जनवरी में घोषणा की थी। वित्त विधेयक 2024 के जरिए जीएसटी कानून में भी संशोधन किया गया। इसमें कहा गया कि पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के निमार्ताओं को एक लाख रुपये तक का जुमार्ना देना होगा, यदि वे एक अप्रैल से अपनी पैकिंग मशीनरी को जीएसटी अधिकारियों के साथ पंजीकृत करने में विफल रहते हैं। सीबीआईसी ने एक अधिसूचना के जरिए इस विशेष प्रक्रिया के कार्यान्वयन की तारीख 45 दिन बढ़ाकर 15 मई तक कर दी है।

इन्दौर बाजार भाव

लूज तेल (प्रति दस किलो) : इंदौर मूंगफली तेल 1500 से 1520, मुंबई मूंगफली तेल 1520, इंदौर सोयाबीन रिफाइंड 975 से 980, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 930 से 935, मुंबई सोया रिफाइंड 960 से 965, मुंबई पाम तेल 965, इंदौर पाम 1023, राजकोट तेलिया 2360, गुजरात लूज 1475, कपास्या तेल इंदौर 930 रुपए।

तिलहन : सरसों निगाड़ी (बारीक) 5800 से 5850, एवरेज 5400 से 5600, रायड़ा 4600 से 4800, सोयाबीन 4650 रुपए क्विंटल। सोयाबीन डीओसी स्पॉट 40500 रुपए टन।

प्लांटों के सोयाबीन भाव : बैतूल 4900, लक्ष्मी 4900, प्रेस्टीज 4900, रुचि 4825, सांवरिया 4900, खंडवा 4875, धानुका 4910, एमएस नीमच 4950, एमएस पवोर 4850 व एवी 4800 रुपए।

कपास्या खली (60 किलो भरती) बिना टेक्स भाव - इंदौर 1850, देवास 1850, उज्जैन 1850, खंडवा 1825, बुरहानपुर 1825, अकोला 2875 रुपए।

मुंबई पोट पर आयातित चना तंजानिया 5800, काबुली सूडान 6500, मसूर कनाड़ा 6250, तुवर लेमन नई 10900, गजरी 10300, तुवर सूडान 11600, तुवर सफेद 10500, तुवर तंजानिया 10700 व उड़द एफएक्यू 9350 रुपए।

दलहन: चना कांटा 6000 से 6025, विशाल नया 5900 से 5925, टंकी 5300 से 5500, मसूर 6050, तुवर महाराष्ट्र 11600 से 11800, कर्नाटक 11700 से 11900, निमाड़ी 10000 से 11300, मूंग 9000 से 9200, बारिश का मूंग 9200 से 10000, एवरेज 7000 से 8000, उड़द बेस्ट 8800 से 9200, मीडियम 7000 से 8000, हल्का 3000 से 5000 रुपए क्विंटल।

दालें: चना दाल 7800 से 7900, मीडियम 8000 से 8100, बोल्ड 8200 से 8300, मसूर दाल मीडियम 7250 से 7350, बोल्ड 7450 से 7550, तुवर दाल सवा नंबर 14200 से 14300, फूल 15000 से 15100, बेस्ट तुवर दाल 16000 से 16100, ब्रांडेड तुवर दाल 17100, मूंग दाल मीडियम 10550 से 10650, बोल्ड 10750 से 10850, मूंग मोगर 11450 से 11550, बोल्ड 11650 से 11750, उड़द दाल मीडियम 11200 से 11300, बोल्ड 11400 से 11500, उड़द मोगर 11600 से 11700, बोल्ड 11800 से 11900 रुपए।

काबली चना (40-42) 12000, (42-44) 11800, (44-46) 11500, (58-60) 9600 रुपए।

इंदौर चावल भाव- बासमती (921) 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000 , दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, बासमती सेला 7000 से 9500, मोगरा 4500 से 7000, दुबराज 4500 से 5000, कालीमूंछ डिनरकिंग 8500, राजभोग 7500, परमल 3200 से 3400, हंसा सेला 3400 से 3600, हंसा सफेद 2800 से 3000, पोहा 4550 से 4800 रुपए।

शकर 3870 से 3900, सुपर 3910, गुड़ भेली 3700, कटोरा 3900, लड्डू 4100, ग्लास 4600 से 4900, ऑर्गेनिक 6500, सिंघाड़ा बड़ा 105 से 110, छोटा 90, सब्बासाबु एगमार्क (आध किलो पैकिंग) 7740, साबूदाना चक्र एगमार्क (500 ग्राम) 7440, शिव ज्योति (1 किलो) 7360, साबूदाना गोपाल लूज (25 किलो) में 6950 रुपए (भाव प्रति क्विंटल में)। खोपरा गोला कट्टे में 111 व बाक्स में 135 से 140, खोपरा बूरा 3350 से 4400 रुपए।

पूजन सामग्री : नारियल 120 भरती 1950 से 2000, 160 भरती 1950 से 2000, 200 भरती 2050 से 2100, 250 भरती 2100 से 2150, देशी कपूर 810 से 815, पूजा बादाम 85 से 90, बेस्ट 155 से 175, पूजा सुपारी 480, अरीठा 135 से 130 रुपए। केसर 185 से 188, बेस्ट 220 से 233 रुपए प्रति ग्राम, सिंदूर (25 किलो) 7500 रुपए।

आटा-मैदा

मप्र में प्रचार को धार देने पहुंचे अमित शाह, कहा-कांग्रेस अब सपने में भी सत्ता में नहीं आएगी

मंडला ■

मध्य प्रदेश में चुनावी प्रचार जोरों पर है। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री अमित शाह मंडला और कटनी में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। उन्होंने यहां जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस सहित तमाम विरोधी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि अब कांग्रेस सपने में भी सत्ता में नहीं आ पाएगी। कांग्रेस द्वारा भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति करने पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए है, वहीं दूसरी तरफ परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार वाला इंडी गठबंधन है। मोदी जी का उद्देश्य गरीब, आदिवासी और पिछड़े समाज के प्रत्येक व्यक्ति का उत्थान करना है, जबकि विपक्षी गठबंधन एवं कांग्रेस पार्टी का एकमात्र लक्ष्य परिवार को आगे बढ़ाना है। भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में 95 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिया है। 70 लाख महिलाओं के घर में नल से जल पहुंचाया है। 4 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया है। 80 लाख घरों में शौचालय बनाए हैं। 83 लाख महिलाओं को गैस सिलेंडर दिए हैं और 42 लाख गरीबों को आवास दिया है। भाजपा सरकार ने पूरे देश में 80 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न प्रदान किया है।

कांग्रेस पर बोला हमला

कांग्रेस को आदिवासी विरोधी बताते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 55 वर्षों के शासन में जनजातीय समुदाय के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन हमारी सरकार ने पहली बार एक आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाकर पूरे जनजातीय समाज को सम्मान दिया। बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। भाजपा सरकार ने पेसा अधिनियम को सबसे पहले मध्य प्रदेश में धरातल पर लागू किया है। भाजपा सरकार ने सैकड़ों एकलव्य विद्यालय बनाए हैं, आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए लगभग एक लाख करोड़ रुपए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड के रूप में आवंटित किए हैं। कांग्रेस ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड की जगह डायनेस्टी मैनेजमेंट फंड बनाया। मोदी जी चाहते हैं कि देश आगे बढ़े, लेकिन इंडी गठबंधन के नेता चाहते हैं उनके बेटे-बेटी आगे बढ़ें। ममता बनर्जी, शरद पवार, स्टालिन और सोनिया सहित इंडी गठबंधन के तमाम नेता अपने बेटे-बेटी को सत्ता तक पहुंचाना चाहते हैं। सिर्फ अपने परिवार का भला सोचने वाले नेता कभी देश के गरीब, युवा, वंचित और महिला के हित कभी नहीं सोच सकते। भाजपा सरकार ने अपने सभी वादे पूरे किए हैं। भाजपा सरकार में देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुँच गयी है। भाजपा सरकार वर्ष 2027 तक भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएगी।

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा ने जो कहा वह किया - डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंडला रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की पौरूष, पराक्रम और पुरूषार्थ की धरती है। हम सबके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को समाप्त करने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंडला की धरती पर पधारे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा ने जो कहा वह किया है। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया है, उस संकल्प पत्र को पूरा किया जाएगा, क्योंकि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है। भाजपा सरकार प्रदेश के किसानों को गेहूं पर 125 रुपये का बोनस दे रही है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के समय जो कहा गया है, उतना बोनस किसानों को दिया जाएगा। मैंने कैबिनेट की पहली बैठक रानी दुर्गावती को सम्मान देते हुए जबलपुर में की थी।

राम मंदिर के मुद्दे के लटकाया

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 55 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाया। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाकर 500 वर्षों की प्रतीक्षा को खत्म किया है। रामलला 500 वर्षों के बाद राम नवमी अपने भव्य महल में मनाएंगे। भाजपा सरकार में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर नवीनीकरण और महाकाली मंदिर की पुनर्स्थापना सहित अनेक मंदिरों की पुनर्स्थापना की गई है। कांग्रेस नेता कश्मीर को भारत के अन्य राज्यों से जोड़ने पर सवाल उठाते हैं, लेकिन कांग्रेस ये भूल गई कि हमने धारा 370 हटाकर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का एक अटूट हिस्सा बना दिया है। कांग्रेस ने 70 वर्षों तक पूरे देश को जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार में बांटे रखा। कांग्रेस ने देश में 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाला किए और जब उनके ऊपर कार्रवाई हो रही है, तो उन्हें समस्या हो रही है। शाह ने कहा कि पिछले दो दशक में मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विकास की गंगा बही है। भारतीय जनता पार्टी के शासन में मध्यप्रदेश में 906 किमी का नर्मदा एक्सप्रेसवे, 3000 करोड़ की लागत से रेलवे लाइन और आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया गया। इसके अलावा जनजातीय कृषि उपज जैसे कोदो, कुटकी, रागी, मक्का को मिलेट के नाम से दुनिया भर में प्रसिद्धि दिलाई, हेलन सिंचाई परियोजना के तहत 12 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया, चिंकी बोरास बराज बहुउद्देशीय परियोजना, सिवनी में 210 करोड़ का राजमार्ग, छिंदवाड़ा, सिवनी और मंडला में मेडिकल कॉलेज बनवाए।

कांग्रेस के पूर्व महापौर भाजपा में शामिल

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के समक्ष कटनी में कांग्रेस के पूर्व महापौर और प्रदेश पदाधिकारी बृजेन्द्र मिश्रा राजा भैया एवं महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रजनी सोनी सहित 200 से अधिक कांग्रेस कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

न्यूज ब्रीफ

गणगौर का बाना निकाला

सेंधवा (निर्मला वर्मा)। विश्व व्यापी राष्ट्रीय ब्राह्मण महा संगठन के द्वारा अभिनव कॉलोनी से गणगौर का बाना निकाला गया जिसमें बेटियों को दूल्हा-दुल्हन के रूप में ईश्वर गोरा बनाकर सुसज्जित बाजी में बिठाकर बेड बाजो के साथ किले गेट तक बिठाकर सभी महिलाएं नाचते गाते हुए सत्यनारायण मंदिर में स्वागत किया गया फूलों की वर्षा कि वह नमकीन के पैकेट बांटे गए किले गेट गणेश जी के दर्शन करते हुए वापस अभिनव कॉलोनी में समापन हुआ इसी उपलक्ष्य में संगठन की अध्यक्ष दीपशिखा शर्मा सचिन दीपिका शर्मा कोषाध्यक्ष अर्चना शर्मा लकी शर्मा प्रदेश की पदाधिकारी सुप्रिया वेद निशा शर्मा उपस्थित थे जानकारी मीडिया प्रभारी सीमा शर्मा के द्वारा दी गई।

एक हाथ हो गया टेढ़ा, पत्नी का दूसरा हाथ काटकर ले भागा जालिम पति

अशोकनगर। अशोकनगर में एक जालिम ने अपनी पत्नी का हाथ काटा और भाग गया। पति ने पत्नी के साथ ऐसी क्रूरता मोबाइल पर बात करने के कारण की। रात में जब पत्नी सो रही थी तब पति ने कुल्हाड़ी से उसका हाथ काट दिया। पत्नी चीखी तो पति हाथ लेकर भाग गया। बुधवार गुरुवार की रात यह दर्दनाक वारदात हुई। पता चला है कि पत्नी किसी से मोबाइल पर बात करती थी जिससे पति उसपर शक करता था। इसी कारण उसने पत्नी का हाथ काट डाला। सबसे बुरी बात तो यह है कि पत्नी पहले से दिव्यांग है। उसका एक हाथ बचपन से ही टेढ़ा है। अशोकनगर की जगदंबा कॉलोनी में यह वारदात हुई। पुलिस ने बताया कि मिथिलेश बाई का हाथ उसके पति कमल अहिरवार ने काटे और उसे लेकर भाग गया। बुधवार की रात उसने पत्नी को किसी से मोबाइल पर बात करते देखा तो नाराज हो उठा था। रात को सोते समय उसने कुल्हाड़ी से पत्नी का हाथ काट डाला। पत्नी के पैर पर भी वार किया। पत्नी चीख उठी जिससे उसके बच्चे जाग गए। इसपर आरोपी कमल फरार हो गया। मिथिलेश के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से कमल उस पर शक करने लगा था और आए दिन इसी बात पर विवाद करता था। बुधवार को भी दोनों के बीच फिर विवाद हुआ। कमल खाना खाकर सो गया लेकिन रात करीब 2 बजे उठा और कुल्हाड़ी से मिथिलेश का हाथ काट दिया। उसका दायां हाथ कटकर अलग हो गया। इसके बाद कमल कटा हुआ हाथ लेकर भाग गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और मिथिलेश को अस्पताल में भर्ती करवाया।

महिला ने समुदाय विशेष के युवक पर लगाया अपहरण का आरोप, हिंदूवादी संगठन के साथ पहुंची एसपी को आवेदन देने

दमोह। दमोह जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली एक महिला ने समुदाय विशेष के कुछ युवकों पर अपहरण करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। हिंदू संगठन के सदस्यों के साथ गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया है। साथ ही नाबालिग बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की। इस दौरान महिला बेसुध होकर वहीं जमीन पर भी गिर पड़ी जिसे सीएसपी अभिषेक तिवारी के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। महिला का आरोप है कि उसका बेटा काफी समय पहले समुदाय विशेष की युवती के साथ कहीं चला गया था। इसी कारण आरोपी उसे और उसकी बेटी को परेशान कर रहे हैं। जबकि मैं उन्हें बता चुकी हूं कि मेरा बेटा कई साल से अलग रहता है। उससे मेरा कोई रिश्ता नहीं है। महिला का आरोप है कि होली के अगले दिन उसे आरोपी अपने साथ उठाकर जबलपुर ले गए। वहां उसके साथ मारपीट की और वापस लाकर छोड़ दिया। अब आरोपी उसकी नाबालिग बेटी को उठा ले जाने की धमकी दे रहे। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अंजू खत्री ने बताया कि महिला पास पहुंची तो वह उसे लेकर देहात थाना पहुंचे। जहां पर टीआई आरएस बागरी ने कोई कार्रवाई नहीं की ओर कई घंटे बिठाकर रखा। इस वजह से हम एसपी के पास आए हैं। ताकि टीआई के खिलाफ कार्रवाई हो और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

अमन-चैन की दुआ को उठे हजारों हाथ, ईदगाह में अता की गई नमाज

सिंगरौली। जिले में गुरुवार को ईद उल फितर का त्योहार बड़े हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। मस्जिदों में ईद त्योहार की मुबारकबाद दी गई। वैढन स्थित मस्जिद में एसडीएम व पुलिस अधिकारी मुबारकबाद देने पहुंचे। समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अता की। इस मौके पर मस्जिदों में नमाज पढ़ने पहुंचे अकीदतमंदों ने अमन चैन की दुआ मांगी। मोरवा स्थित गौसुलवारा जामा मस्जिद में भी नमाज अता करने समुदाय के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। वहीं एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। समूचे जिले में शांतिपूर्ण माहौल रहा। वैढ़न, जयंत व मोरवा मस्जिद में नमाज अता करने के लिए भीड़ नजर आई। लोगों ने नमाज अता करने के बाद एक-दूसरे को ईद उल अजहा की बधाई दी। इधर, मोरवा में भी भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। गौरतलब है कि पूरे एक महीने के रोजा के बाद ईद का त्योहार आता है। इस दिन लोगों के घरों में सेवई बनती है। इसलिए इस पर्व को मीठी ईद भी कहा जाता है।

ईद पर दी मुबारकबाद, लिया सेवईयां का स्वाद

जिले भर में मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज, सभी धर्म के लोग मिले गले

सिवनी ■

मुस्लिम धर्म के सबसे पवित्र महीने रमजान में पूरे महीने रोजे रखने के बाद बुधवार की शाम को चांद देखने के बाद गुरुवार को ईद का त्योहार मनाया गया। इस बार लगातार हो रही बारिश के कारण सिवनी सहित अन्य जगहों पर ईदगाह में नमाज पढने. के बजाए लोगों ने मस्जिदों में पहुंचकर नमाज पढ़ी।

मुस्लिम धर्मावलंबियों ने इबादत के बाद परम्परा अनुसार लोगों से गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देकर खुशी साझा की। इसके बाद घरों में सेवईयां और कई तरह के पकवान बनाकर परोसे गए। ईद के मौके पर हिन्दू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों ने भी गले मिलकर खुशी जाहिर किया। लोगों ने अपने परिचितों को घर में आमंत्रित किया और सेवईयों व अन्य खाने-पीने की चीजें परोसी। बरघाट नगर सहित क्षेत्र में ईद उल फितर का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद में सुबह ईद की नमाज अदा किया और अमन चैन की दुआएं मांगी। बुधवार शाम से हो रही लगातार बारिश ने सुबह नमाज के दौरान भी खलल डाली। बारिश के चलते ईदगाह की बजाय मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ी गई। नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। मुस्लिम समुदाय व अन्य समाज के लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी। मस्जिद में नमाज के बाद मुस्लिमों ने कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गो के मजार पर फातिया पढक? दुआएं की गईं। ईद के मौके पर बरघाट नगर में मस्जिद के बाद अर्जुन सिंह काकोडिया, अनिल सिंह ठाकुर, सुरेंद्र जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, अनिल पाठक, पार्षद अभिलाष गोलू मालवीय, सुनील अवधवाल, अनुराग पंद्रे, राजेश लुधियाना सहित अन्य मौजूद रहे।

ईद पर लगा मेला, बच्चों में उत्साह

ईद के मौके पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में सुबह से लोग नए कपड़ों में तैयार होकर मस्जिदों में पहुंचे और नमाज के बाद एक-दूसरे के घरों में जाकर त्योहार की सेवईयां के साथ खुशी साझा की गई। कई जगह मेले का आयोजन हुआ। बच्चों ने उत्साह से मेले में खरीदी की और झूले आदि का आनंद लिया। पवित्र माह रमजान के 30 रोजे रखने के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों ने छपारा सहित क्षेत्र में ईद पर मस्जिद और ईदगाह में नमाज अदा की गई। इसके बाद यहां मुल्क के अमन चैन की दुआ भी की गई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद भी दिया। इस बार ईद में मौसम की बेरुखी के कारण ईदगाह से ज्यादा मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर का पर्व

बालाघाट। ईद उल फितर का पर्व गुरुवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने धार्मिक मान्यता के अनुरूप मनाया। बुधवार शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला गुरुवार को देखा गया। जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों की विभिन्न ईदगाहों में होने वाली ईद की नमाज, ईदगाहों की जगह विभिन्न मस्जिदों में अदा की गई। ईद के खुदबे के साथ इमाम ने ईद उल फितर की नमाज पढ़ाई, वही सामूहिक रूप से दुआएं मांगी गई। तुरंत बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद पेश की। शहर में जामा मस्जिद, मस्जिदे आला हजरत जामिया नूरिया मदरसा सहित अन्य मस्जिदों में तय समय पर ईद की नमाज अता की गई। मुस्लिम धर्मावलंबियों का भारी जन सैलाब देखने को मिला। इस पर्व में शामिल होने और लोगों को ईद उल फितर की बधाई देने के लिए लोगो का भारी हुजूम देखने को मिला।

नड्डा आज भरेंगे नाथ के गढ़ में हुंकार

भोपाल। प्रदेश के पहले चरण में मतदान वाली सीटों पर राजनीतिक दलों के नेताओं ने चुनावी प्रचार तेज कर दिया है। केंद्रीय नेताओं के लगातार दौरे हो रहे है। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्रवार को छिंदवाड़ा और सीधी में जनसभा और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। नड्डा 12 अप्रैल को दोपहर 11 बजे सीधी के बहरी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे छिंदवाड़ा के दशहरा मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा ने 2019 के चुनाव में 29 में से 28 सीटें जीती थी। छिंदवाड़ा सीट पर कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ ने जीत हासिल की थी। इस बार भाजपा ने प्रदेश की 29 में से 29 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए कमलनाथ के गढ़ पर भाजपा का फोकस है।

देवास की बस्ती में आग, छह से ज्यादा मकान जले, दो सिलिंडर भी फटे

इंदौर ■

देवास की शिवाजी नगर बस्ती में गुरुवार को लगी आग के कारण छह से ज्यादा कच्चे मकान जल गए। आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आग के कारण दो सिलिंडर भी फट गए। शिवाजी नगर की झुग्गी बस्ती के एक झोपड़े में आग लगी। बस्तीवासी उस पर काबू पाते, उससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के कच्चे मकानों को भी चपटे मे ले लिया एक घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, लेकिन आग के कारण बस्ती में अफरा-तफरी मच गई।

खुद की गृहस्थी का सामान न जल जाए। इस कारण कई कई परिवार घरों से सामान निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर रखने लगे। आग की वजह से आधा दर्जन से ज्यादा कच्चे मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। आग में गैस के सिलिंडर भी विस्फोट के साथ फटे, लेकिन उससे किसी को चोट नहीं पहुंची। आग पहले एक मकान में लगी, लेकिन घनी बसाहट होने के कारण आग ने दस मिनट के भीतर दूसरे कच्चे मकानों को चपेट में ले लिया। उसमें रहने वाले लोग जान बचाकर भागे। सघन बस्ती होने के कारण फायर ब्रिगेट की दमकलों को भी मौके पर पहुंचने में परेशानी हुई।

उज्जैन संभाग का सबसे बड़ा मुआवजा, चार साल पहले एक्सीडेंट में मृत जवान को 1.11 करोड़ देने के आदेश

उज्जैन ■

दुर्घटना में एक जवान की मौत होने के मामले में माननीय न्यायालय द्वितीय अपर सत्र द्वारा ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया है। मृतक के परिजनों को उज्जैन संभाग का अभी तक का सबसे बड़ा क्षतिपूर्ति मुआवजा 1 करोड़ 11 लाख रुपये देने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही 7 प्रतिशत ब्याज भी देय होगा।

अभिभाषक तूफान सिंह सिसोदिया ने बताया कि 4 अक्टूबर 2021 को तराना के ग्राम नानूखेड़ा में रहने वाला सुनील गुर्जर (आर्मी जवान) अपने साथी कमल किशोर के साथ किसी काम से उज्जैन आया हुआ था। यहां काम निपटाने के बाद सुनील और कमल आगर रोड से घर की ओर जा रहे थे कि तभी बाफना पार्क कॉलोनी के पास एक ट्रैक्टर चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी थी। वैसे तो इस एक्सीडेंट में सुनील और कमल किशोर दोनों ही घायल हुए थे लेकिन घटना में सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे पहले तेजनगर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था और उसके बाद इंदौर के मेदांता हॉस्पिटल में भी उसका काफी दिन इलाज चला। फिर उसे महू स्थित आर्मी हॉस्पिटल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी।

गणगौर माता का विसर्जन आज शाम को

सेंधवा (निर्मला वर्मा)। नवरात्रि के तीसरे दिन अर्थात चैत्र मास के शुक्लपक्ष की तृतीया को गणगौर पूजन के लिए कुंवारी कन्याएं एवं विवाहित स्त्रियां ताजा जल लोटे में भरकर उसमें हरि हरि दूब और फूल पत्ते से सजाकर ईश्वर गणगौर तैयार करती है।

पांच लोटे के ईशर भगवान एवं तीन लोटे पर बिजोरा रखकर ,चुनरी उड़ा कर ,मंगलसूत्र सुंदर वस्त्र पहनाकर तैयार करती हैं ।और बगीचे से ईशर गणगौर घर तक लाती है ।घर पर ईशर और गणगौर माता को संपूर्ण सुहाग की वस्तु अर्पित करके चंदन ,अक्षत, धूप दीप ,दुब पुष्प से उनकी पूजा अर्चना करती है। सौभाग्य की कामना के लिए दीवार पर 16-16 बिंदिया कंकू, हल्दी, मेहंदी और काजल की लगाती है। दोनों हाथों में दुब लेकर 16 बार गोर गोर गणपति ईशर पूजे पार्वती गाकर गणगौर माता की पूजा अर्चना करती है। पाटा धोने का गीत गाकर ,ओडो खोड़ों का गीत गाकर ,कहानी सुनकर ,भगवान को अर्घ्य देती हैं ।सीरा ,पुरी का भोग माताजी को लगाया जाता है ।और गुने चढ़ाए जाते हैं। अंतिम बाला शर्मा ने बताया कि पूजा करने के पश्चात चोलिया रखा जाता है, जिसमें पपड़ी रखी जाती है। चोले के ऊपर साड़ी, ब्लाउज व सुहाग का सामान रखकर पूजा करने के बाद चोले पर हाथ फिराते हैं ।और शाम को गणगौर माता का विसर्जन कर दिया जाता है। और घर आकर पांच बधावे गीत गाए जाते हैं। ब्यावली लड़की ससुराल जाकर चोला ,साड़ी एवं सुहाग का सामान सासु को देती है ।सभी औरतें भी सिरा एवं रुपए रखकर बायना निकाल कर सास को देती है।

इंसान या हैवान ! कुत्ते को पत्थर से कुचला फिर वीडियो बनाकर मनाई खुशी

उमरिया ■

मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के पाली थाने से एक कुत्ते को पत्थर से कुचलने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ युवक कुत्ते को पकड़कर पीट रहे हैं। युवकों ने कुत्ते को इतना पीटा की उसकी मौत हो गई। वीडियो वायरल होते ही जिले में हडकंप मच गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवकों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है।

यह मामला उमरिया के मेंढकी गांव का है। जहां वायरल वीडियो में दो कुत्ते दिखाई दे रहे थे। जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरा जमीन पर घायल पड़ा था। यह मामला तीन दिन पुराना है लेकिन इसका वीडियो गुरूवार को वायरल हुआ। इसी वीडियो में कुत्तों के साथ क्रूरता दिखाने वाला शख्स हंस रहा है और उसका शरीर में खून के धब्बे हैं। वीडियो वायरल होते ही एक सामाजिक संस्था चलाने वाले विकास जोतवानी की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि दो स्ट्रीट डॉग आपस में लड़ रहे हैं तभी कुछ युवा वहां पहुंचते हैं और एक स्ट्रीट डॉग को पत्थर से कुचल-कुचल करके उसे मौत के घाट उतार देते हैं। साथ ही उक्त घटना का वीडियो युवाओं के द्वारा सोशल मीडिया में खुद वायरल किया गया है। वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि पत्थर से कुचलने के बाद में युवाओं के शरीर पर खून के छीटें भी पड़ जाते हैं। जिसे देखकर के युवा काफी खुश भी दिखाई दे रहे हैं। इस अमानवीय घटना का वीडियो देखने के बाद में शहडोल में गौ नदी सेवा संस्थान चलाने वाले विकास जोतवानी की सूचना पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करके पुलिस से आरोपियों की तलाश में जुट गई है। वहीं विकास जोतवानी का पूरे मामले पर कहना है कि हमारी मांग है कि पशुओं के प्रति होने वाली ऐसी क्रूरता को रोका जाए साथ ही जो लोग भी इस मामले में संलिप्त हैं उनपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

आईपीएल 2024 में आज आमने-सामने होंगी दिल्ली और लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ ■

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शुक्रवार को यहां आईपीएल 2024 सत्र में अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। लखनऊ सुपर जायंट्स ने अब तक चार में से तीन मैच जीते हैं और इस प्रकार वह 6 अंक लेकर तालिका में तीसरे नंबर पर है जबकि दिल्ली की टीम अब तक केवल एक जीत के साथ 2 अंक लेकर अंतिम स्थान पर है। ऐसे में इस मैच में भी लखनऊ को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है क्योंकि अब तक उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इसके साथ ही टीम को प्रदर्शन खेल के सभी विभागों में अच्छा रहा है। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स को इस मैच में जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उसके बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों को भी अपनी भूमिका ठीक से निभानी होगी।

शाम 7:30 बजे से शुरु होगा मैच

दिल्ली कैपिटल्स : ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

लखनऊ सुपर जाइंट्स: केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, करुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों को इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा अगर वह ऐसा नहीं कर पाते तो सुपर जायंट्स बना स्कोर बनाकर मैच पर हावी हो जाएगी। सुपर जायंट्स को इस मैच में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी। मयंक ने पिछले मुकाबलों में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मयंक पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टीम से बाहर हो गये हैं। मयंक के नहीं होने से लखनऊ की टीम को युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। यश न पिछले मैच में पांच विकेट लिए थे। इसके अलावा टीम के पास नवीन उल हक, क्रृणाल पंड्या और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई जैसे गेंदबाज हैं। वहीं बल्लेबाजी में लखनऊ के पास क्विंटन डिकॉक और कप्तान केएल राहुल जैसे शानदार सलामी बल्लेबाज हैं। डिकॉक ने अभी तक दो अर्धशतक लगाये हैं हालांकि राहुल अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं।

विश्वकप के लिए यशस्वी को शायद ही जगह मिले

जयपुर। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायस्वाल को जून में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए शायद ही भारतीय टीम में जगह मिले। इसका कारण टी20 में उनका अब तक का कमजोर प्रदर्शन रहा है। यशस्वी के पास इस आईपीएल में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का अवसर था पर अब तक वह इसमें सफल होते नहीं दिखते हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे यशस्वी अब तक आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में भी यशस्वी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। उन्होंने अब तक के अपने पहले पांच मुकाबलों में केवल 63 रन ही बनाए हैं। जिसमें 24 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। ऐस में अगर उन्हें विश्वकप में जगह बनानी है तो बड़ी पारी खेलनी होगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि रोहित शर्मा ही विश्वकप में टीम इंडिया के कप्तान होंगे।

राजस्थान के खिलाफ मैच में अंपायर पर भड़के शुभमन

जयपुर। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुए मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। शुभमन इसके बाद भी इस मैच में अंपायर से बहस के कारण विवादों में आ गये जबकि इससे पहले उन्हें हमेशा ही शांत तरीके से खेलते हुए देखा गया है। शुभमन में कप्तान बनने के बाद बदलाव आया है जो सही भी है। इस मैच में एक गेंद को वाइड करार दिये जाने पर शुभमन ने आपत्ति जतायी थी। इसी को लेकर वह अंपायर पर भड़क गये। शुभमन ने इस मैच में 44 गेंदों पर 72 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स की पारी के 17वें ओवर की आखिरी गेंद पर उस समय विवाद हुआ जब तेज गेंदबाज मोहित शर्मा की गेंद को मैदानी अंपायर ने वाइड करार दिया। इसके बाद गुजरात टाइटंस की ओर से शुभमन ने इसपर डीआरएस लिया। थर्ड अंपायर ने पहले इसे सही करार दिया था पर तीसरे अंपायर ने इस गेंद को वाइड करार दिया। इसके बाद नाराज शुभमन मैदानी अंपायर के पास जाकर बहस करने लगे। गिल काफी देर तक इस मामले में बहस करते नजर आये।

मनोरंजन

रुबीना दिलैक मां बनने के बाद अब किसी ने बताया नहीं शो में आएंगी नजर

छोटे पर्दे की मशहूरअभिनेत्री रुबीना दिलैक आज कल मदरहुड जर्नी को एन्जॉय कर रही हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी बेटियों के साथ तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। रुबीना और उनके पति अभिनव शुक्ला ने बीते साल दो जुड़वां बेटियों का स्वागत किया है। इसके साथ ही रुबीना मां बनने के बाद अपनी फिल्म चल भज्ज चलिये का प्रमोशन करते हुए भी नजर आईं। रुबीना ने अपने सोशल मीडिया पर अपने यूट्यूब शो के एक और सीजन की घोषणा का वीडियो शेयर किया है। रुबीना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने यूट्यूब शो के एक और सीजन किसी ने बताया नहीं की झलक दिखाई। इस वीडियो को शेयर करते हुए रुबीना ने कैप्शन भी लिखा और अपने शो के पहले एपिसोड को लेकर हिंट भी दिया। रुबीना ने कैप्शन में लिखा- मुझे यकीन है मेरी तरह किसी ने बताया नहीं होगा कि मां बनने के लिए क्या पापड़ बेलने पड़ते हैं। वो कहते हैं ना एक बच्चे की देखभाल के लिए एक गांव की जरूरत होती है।

द गारफील्ड मूवी के हिंदी वर्जन में वरुण शर्मा दे रहे आवाज

द गारफील्ड मूवी फिल्म का दुनियाभर के दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। द गारफील्ड मूवी का फुल टू मस्ती भरा ट्रेलर पहले ही रिलीज हो गया है, जिसे देखकर फैंस इसके लिए और ज्यादा एक्साइटेड हो गए हैं। वहीं जानकारी मिल रही है कि इसके हिंदी वर्जन के लिए फुकरे अभिनेता वरुण शर्मा अपनी आवाज देने वाले हैं। जी हां, द गारफील्ड मूवी के लिए अब इंडियन फैंस और ज्यादा एक्साइटेड हो गए हैं क्योंकि इस फिल्म में उनके फेवरेट और फुकरे स्टार वरुण शर्मा अपनी आवाज दे रहे हैं। अपने चुलबुले अंदाज और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाने वाले वरुण शर्मा गारफील्ड के आउटडोर सफर और उत्साह में अपना मजेदार स्टाइल जोड़ने वाले हैं। गारफील्ड हिंदी के बारे में वरुण शर्मा ने कहा, मेरे लिए, द गारफील्ड मूवी के लिए अपनी आवाज देना एक चरित्र रहा है, जिसे मैंने अपने बचपन से फॉलो किया है। सारी डबिंग प्रक्रिया एक अद्भुत अनुभव था, जिसमें मुझे अपने बचपन की यादें दोबारा जीने का मौका मिला। इस अवसर के लिए मैं आभारी हूं। सोनी पिक्चर्स रिलीजिंग इंटरनेशनल (एसपीआरआई) इंडिया के जनरल मैनेजर और हेड, इस मौके पर कहते हैं, 'द गारफील्ड मूवी' के हिंदी संस्करण के लिए वरुण शर्मा के साथ सहयोग करने के लिए हम उत्साहित हैं। गारफील्ड का एक विचित्र व्यक्तित्व है, और हाल की फिल्मों में वरुण की अत्यधिक और हास्यास्पद परफॉर्मेंस इस किरदार के लिए उन्हे सही बनाती हैं। 'द गारफील्ड मूवी भारत में 17 मई 2024 को अंग्रेजी, हिंदी और तमिल भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

धनुष और ऐश्वर्या ने लिया एक-दूसरे अलग होने का फैसला

साउथ के सुपर स्टार धनुष और उनकी पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत ने अब अलग होने का फैसला कर लिया है। दोनों ने चेन्नई की फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए अपनी अर्जी दाखिल की है। धनुष और ऐश्वर्या आपसी सहमति के बाद इस नतीजे पर पहुंचे हैं। कुछ ही दिनों में इस मामले में सुनवाई शुरू हो जाएगी। बता दें कि धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत दो साल से साथ नहीं हैं। वे साल 2022 में ही एक-दूजे से अलग होने का एलान कर चुके थे। नाता तोड़ने का एलान करने के बाद भी धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत ने तलाक नहीं दिया था। यही वजह थी कि काफी समय पहले यह अफवाह उड़ी थी कि दोनों के बीच सुलह हो गई है। उन दिनों दोनों ही अपने काम में काफी व्यस्त भी थे। दोनों साथ तो नहीं थे, लेकिन माता-पिता होने के चलते अपने बच्चों की परवरिश जरूर कर रहे थे। उनके दो बेटे हैं, जिनका नाम यात्रा और लिंगा है। धनुष की आने वाली फिल्म कुबेर है। इसका निर्देशन शेखर कम्मुला कर रहे हैं। फिल्म में नागार्जुन अक्किनेनी और रश्मिका मंदाना जैसे बड़े कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म में एक्शन और थ्रिलर देखने को मिल सकता है। वहीं, ऐश्वर्या रजनीकांत की बात करे तो उनकी आखिरी फिल्म लाल सलाम इसी साल 9 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म से ऐश्वर्या ने नौ साल बाद निर्देशक के रूप में वापसी की थी। बता दें कि धनुष के फैंस के बीच इस खबर से मायूसी का माहौल है। धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत साल 2004 में एक-दूसरे से शादी के बंधन में बंधे थे।

आईपीएल में सबये ज्यादा चौके, छक्के लगाने के मामले में वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों का रहा है दबदबा

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दुनिया भर के क्रिकेट खेलते हैं। इस लीग के इतिहास पर नजर डालें तो इसमें खेलने वाले विदेशी खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा आक्रामक वेस्टइंडीज के क्रिकेटर साबित हुए हैं। विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल, कीरोन पोलार्ड और आंद्र रसेल ने इन टूर्नामेंट में जमकर चौके , छक्के लगाये हैं। आईपीएल इतिहास में चौकों से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में सबसे उपर मुंबई इंडियंस के पूर्व ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड का नाम टॉप पर है। उनके खाते में 218 चौके हैं जबकि छक्कों की संख्या 223 है। वहीं दूसरे नंबर पर भी वेस्टइंडीज के ही आंद्र रसेल हैं। रसेल ने कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेलते हुए 157 चौके मारे हैं जबकि उनके छक्कों की संख्या 203 रही है। आईपीएल में चौके से ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची तीसरे नंबर पर भी वेस्टइंडीज के ही निकोलस पूरन हैं।

पीवी सिंधु का खराब प्रदर्शन जारी, दौर में मिली हार भारत का एशिया चैंपियनशिप में अभियान समाप्त

नई दिल्ली ■

पीवी सिंधु दूसरे राउंड में चीनी शटलर से हारकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से बाहर हो गई। वहीं, एच एस प्रणॉय को भी अपने राउंड में हार मिली। इसके साथ ही इस टूर्नामेंट से भारत का अभियान समाप्त हो गया। बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत का अभियान जल्दी ही समाप्त हो गया क्योंकि ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और एशियाई खेलों के पदक विजेता एचएस प्रणय गुरुवार को अपने-अपने दूसरे दौर के मैच हार गए। सिंधु तीन गेम की लड़ाई में 18-21, 21-13, 17-21 के स्कोर के साथ छठी वरीयता प्राप्त चीन की हान यू से हार गई। दूसरी ओर, एचएस प्रणय को वर्ल्ड नंबर-19 ली चुन यी से सीधे गेमों में 18-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

मैच में आते ही आमने-सामने के रिकॉर्ड में सिंधु ने हान यू पर 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारतीय स्टार ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, उसका लचीलापन चमक रहा था।

दूसरे गेम में सनसनीखेज संघर्ष के बावजूद, सिंधु की उम्मीदें धराशायी हो गई क्योंकि हान यू विजयी हुई, उत्साही स्थानीय भीड़ ने उनका उत्साह बढ़ाया। सिंधु के कंधों पर निराशा का भारी बोझ था, जो हाल के टूर्नामेंटों में उनके द्वारा किए गए संघर्षों की प्रतिध्वनि थी। ऑल इंग्लैंड ओपन से मैड्रिड ओपन तक, उन्हें असफलताओं का सामना करना पड़ा, लंबी चोट से वापसी के बाद से वह असंगतता से जूझ रही हैं। भारत की युगल उम्मीदें भी खत्म हो गई क्योंकि महिला युगल के दूसरे दौर में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो तीसरी वरीयता प्राप्त नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा से 17-21, 12-21 से हार गई। जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने प्रमुख महाद्वीपीय टूर्नामेंट से बाहर रहने का विकल्प चुना, पेरिस जाने वाले शटलर सिंधु, प्रणय और लक्ष्य सेन को जल्दी ही बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

पेरिस ओलंपिक से पहले नीरज चोपड़ा ने दिया बड़ा बयान, बोले- सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा

नई दिल्ली ■

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर का आंकड़ा पार करना है और उनका कहना है कि जिस तरह से उनकी तैयारी चल रही है, यह जल्द ही कभी भी हो सकता है। प्रतियोगिता में चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान आया, जहां उन्होंने 89.94 मीटर की दूरी तक भाला फेंका। हालाँकि उन्होंने प्रशिक्षण में 90 मीटर की दूरी पार कर ली है, लेकिन प्रतिस्पर्धा में उन्हें अभी भी इसकी बराबरी करनी है।

पेरिस में अपना ओलंपिक स्वर्ण बरकरार रखने का लक्ष्य रखने वाले 26 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को कहा, मैं उससे (पेरिस ओलंपिक) से पहले 90 मीटर का आंकड़ा पार करने की कोशिश करूंगा। उम्मीद है, यह पेरिस से पहले होगा, सब कुछ चल रहा है। सुचारू रूप से, इसलिए (लोगों को) ओलंपिक तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा, यह उससे पहले हो

सकता है। तैयारी अच्छी है। मौजूदा विश्व चैंपियन का आत्मविश्वास इस तथ्य से उपजा है कि उनका ऑफ सीजन अच्छा रहा है, जहां उन्होंने फिटनेस और ताकत पर ध्यान केंद्रित किया, साथ ही 2020 टोक्यो में स्वर्ण जीतने के बाद जो सफलता हासिल की है। चोपड़ा ने कहा, सीजन की शुरुआत के दौरान, ध्यान फिटनेस और ताकत पर था और कोई विशेष भाला प्रशिक्षण नहीं था।

पीएसएल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले उस्मान को पीसीसी ने दिया अवसर

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस बार न्यूजीलैंड दौरे के लिए युवा उस्मान खान को शामिल किया है। उस्मान को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अवसर दिया है। पीएसएल में उस्मान ने लगातार दो शतक लगाये थे। वह पीएसएल में सबसे तेज शतक जड़ने वाले खिलाड़ी भी बने थे। पाक और न्यूजीलैंड टीमों के बीच 18 अप्रैल से 5 मैचों की एक टी20 सीरीज खेली जाएगी। उस्मान विवादों में भी रहे हैं। उनपर अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने पांच साल का प्रतिबंध लगाया है। अमीरात बोर्ड ने उस्मान पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए ये प्रतिबंध लगाया है। इसका कारण ये है कि उस्मान पाक टीम में जगह नहीं मिलने के बाद यूएई पहुंचे थे जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का अवसर मिल रहा था पर उस्मान इसके बाद पाकिस्तान लौट आये। पीसीबी उन्हें पहली बार अवसर दे रही है। उस्मान पिछले कुछ समय से पाकिस्तान की ओर से खेलने में जुटे थे और वह अपने मंसूबे में कामयाब भी हो गए। उन्होंने हाल में पीसीबी की ओर से काकूल में आर्मी कैंप में लगाए गए शिविर में हिस्सा भी लिया था।





प्रकाशक एवं मुद्रक **विष्णु गोयल** द्वारा स्वामी शिवा पब्लिकेशन के लिए 1-ए, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स एबी रोड, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विस प्रा.लि. रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे, सेंटर पाइंट, मांगलिया बायपास, इंदौर, मध्यप्रदेश से मुद्रित। Epaper_www.globalherald.news
प्रधान संपादक -**विष्णु गोयल,** सलाहकार संपादक- **सौरभ बैनर्जी**, प्रदेश संपादक- **दिलीप शर्मा**, स्थानीय संपादक **सत्येन्द्र जैन***(*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। मोबाइल नं.:-7999509078, आर.एन.आई. नं. MPHIN/2012/41876, email- editor@nationalherald.org, डाक पंजीयन क्रमांक - **MP/IDC/1438/2016-2018**